



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 52 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 22 नवंबर 2025 डाक 23 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा की





**देश-विदेश**
नेता नछत्तर सिंह गिल को हाई कोर्ट से मिली राहत, तुरंत रिहा करने के दिए आदेश





**फीचर पेज**
लैपटॉप खरीद लिया है? ध्यान में रखें ये बातें, लंबे समय तक रहेगा ठीक




# होम नहीं संभालेंगे नीतीश: 20 साल बाद सत्ता संतुलन का नया फॉर्मूला, जेडीयू के मंत्री कम... बजट ज्यादा

**पटना, 22 नवंबर [एजेंसी]।**

बिहार की नई एनडीए सरकार में विभागों का बंटवारा सिर्फ प्रशासनिक पुनर्संरचना नहीं, बल्कि सत्ता-संतुलन का एक नया राजनीतिक फार्मूला भी साबित हो रहा है। 20 साल तक गृह विभाग को अपने पास रखने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस बार इसे डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को सौंपकर राजनीतिक संदेश दे दिया है कि नई सरकार में वे साझेदारी की नई परिभाषा लिखना चाहते हैं। बिहार में 53 साल बाद पहली बार किसी गैर-कांग्रेसी सरकार में गृह विभाग मुख्यमंत्री के पास नहीं है। ऐसे में यह फैसला सिर्फ विभागीय अदला-बदली नहीं, बल्कि नीतीश की राजनीतिक शैली में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। गृह विभाग राज्य के ताकतवर मंत्रालयों में गिना जाता है, जहां डीजीपी से लेकर एसपी तक की सीधी कमान होती है। इसे छोड़कर नीतीश ने दिखाया है कि वे गठबंधन की इस नई पारी में सत्ता का केंद्रीय नियंत्रण साथी दलों के साथ साझा करने को तैयार हैं। सबसे बड़ी बात, सम्राट चौधरी को यह जिम्मेदारी सौंपना भाजपा नेतृत्व को स्पष्ट संदेश है कि गठबंधन में उनकी भूमिका 'सिर्फ सहयोगी' से आगे बढ़ चुकी है। दूसरी ओर, जदयू ने भाजपा के हाथ से वित्त और वाणिज्य कर मंत्रालय लेकर अपने वरिष्ठ मंत्री बिजेंद्र यादव को दिया है। वित्त, जो विकास योजनाओं, बजट प्रबंधन और संसाधन आवंटन का मूल है, उसका जदयू के पास जाना दर्शाता है कि नीतीश ने प्रशासनिक स्थिरता का नियंत्रण अभी भी अपनी पार्टी के ही अनुभवी कंधों पर रखा है। एक ओर गृह विभाग भाजपा को, और दूसरी ओर वित्त जदयू को, यह संतुलन स्पष्ट करता है कि नीतीश ने राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों मोर्चों पर संतुलन का नया फॉर्मूला लागू किया है। दिलचस्प यह भी है कि भाजपा के पास मंत्रियों की संख्या तो ज्यादा है, लेकिन जदयू के पास विभागों का बजट लगभग 1.30 लाख करोड़ अधिक है। इसका अर्थ यह है कि संख्या से अधिक महत्व विभागीय प्रभाव और बजट से तय होगा। जदयू के सिर्फ 8 मंत्रियों के पास 2.19 लाख करोड़ के विभाग हैं, जबकि भाजपा के 16 मंत्रियों के पास 89 हजार करोड़ के विभाग। यानी कम मंत्री, लेकिन ज्यादा आर्थिक शक्ति–यह भी एक खास रणनीतिक सेटिंग का संकेत है। दूसरी तरफ पहली बार मंत्री बनीं श्रेयसी सिंह को खेल विभाग और मंगल पांडे को फिर से स्वास्थ्य की जिम्मेदारी देकर भाजपा ने भी अपने अनुभवी और नई पारी शुरू करने वाले दोनों तरह के चेहरों को संतुलित किया है। नितिन नवीन को नगर विकास-आवास और पथ निर्माण जैसे दो बड़े शहरी-केंद्रित विभाग देकर भाजपा ने शहरी वोट बैंक पर अपना फोकस भी मजबूत किया है। वहीं, एचएएम के संतोष सुमन को फिर से लघु जल संसाधन विभाग देकर गठबंधन की छोटी पार्टियों को भी भरोसे का संदेश दिया गया है। इस पूरी पुनर्संरचना में सबसे खास यह है कि नीतीश कुमार ने सामान्य प्रशासन विभाग तो अपने पास रखा, लेकिन गृह विभाग छोड़कर यह दर्शाया कि वे भविष्य की राजनीति में सत्ता साझा कर चलने वाली छवि को मजबूत करना चाहते हैं।

## जम्मू एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की बहु-एजेंसी मॉक ड्रिल



**जम्मू।** जम्मू एयरपोर्ट की सुरक्षा और आपातकाल की स्थिति से निपटने की तैयारी को परखने के लिए शनिवार को सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएप) ने बहु-एजेंसी मॉक अभ्यास आयोजित किया। इसका उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय, प्रतिक्रिया क्षमता और त्वरित कार्रवाई व्यवस्था को परखना था, ताकि आपात स्थिति को बेहतर ढंग से निपटा जा सके। अभ्यास के दौरान सीआईएसएफ, एसओजी-जेकेपी, भारतीय वायुसेना (आईएएफ), एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई), जम्मू-कश्मीर फायर एवं इमरजेंसी सर्विसेज, जीएमसी मेडिकल टीम, एएआई फायर सर्विसेज, सीआईएसएफ के बीडीडीएस एवं डॉग स्क्वाड सहित सभी संबंधित एजेंसियों ने सक्रिय भागीदारी की।

## भारतीय तटरक्षक बल का सागर कवच अभ्यास सफल, तटीय सुरक्षा नेटवर्क की क्षमता का हुआ परीक्षण



**नई दिल्ली 22 नवंबर।** भारतीय तटरक्षक बल ने महाराष्ट्र और गोवा की तटरेखा पर दो दिवसीय तटीय सुरक्षा अभ्यास 'सागर कवच-02/25' आयोजित कर समुद्री सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक जांच की। 19 से 20 नवंबर तक चले इस अभ्यास में समुद्र से आने वाले संभावित खतरों और संवेदनशील तटीय ढांचों पर हमले जैसी स्थितियों का वास्तविक माहौल में परीक्षण किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य तटीय सुरक्षा नेटवर्क की बहुस्तरीय व्यवस्था की क्षमता को परखना था।

## श्रम मंत्री देवांगन 24 और 25 नवम्बर को दिल्ली प्रवास पर



**रायपुर।** प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, श्रम एवं आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन सोमवार 24 नवम्बर को शाम 5.30 बजे भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला भारत मंडपम नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ दिवस के मौके पर सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में सम्मिलित होकर रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन मंत्री देवांगन मंगलवार 25 नवम्बर को सवेरे 11 बजे नई दिल्ली में आयोजित छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन देने इंवेस्टर कनेक्ट स्पेशलिटी स्टील मीट में शामिल होंगे। तत्पश्चात वे 2.15 बजे टूरिज्म वेलनेस मीट में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात श्री देवांगन शाम 7.30 बजे विमान द्वारा नई दिल्ली से रवाना होकर रात्रि 9.30 बजे रायपुर लौट आएंगे।

**बॉर्डर पर पाकिस्तान कर रहा जासूसी!**

## जम्मू-कश्मीर के सांबा में मंडराता दिखा ड्रोन, अलर्ट मोड पर सेना

**जम्मू, 22 नवंबर [एजेंसी]।**



जम्मू-कश्मीर के सांबा में इंटरनेशनल बॉर्डर पर पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया। इस बाबत अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में इंटरनेशनल बॉर्डर पर एक गांव के ऊपर एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन, जिसे कल देर रात पाकिस्तान में चक भूरा पोस्ट से आते देखा गया था, घगवाल इलाके के रीगल गांव के ऊपर कुछ मिनट तक मंडराता रहा और फिर बॉर्डर के दूसरी तरफ लौट गया।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके की तलाशी ली है ताकि यह पक्का हो सके कि वहां से कोई नारकोटिक्स या हथियार जैसा कोई सामान तो नहीं गिराया गया है।

## दिल्ली ब्लास्ट : जसीर वानी ने एनआईए कोर्ट में दाखिल की अर्जी



**दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आतंकी डॉ. उमर मुहम्मद के साथी जसीर बिलाल वानी ने एनआईए कोर्ट में एक अर्जी देकर एजेंसी हेडक्वार्टर में अपने वकीलों से मिलने की इजाजत मांगी है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पटियाला हाउस एनआईए कोर्ट शनिवार को वानी की अर्जी पर सुनवाई करेगी। एनआईए ने जसीर बिलाल वानी को आतंकवादी डॉ. उमर का एक्टिव को-कॉन्स्पिरेटर बताया है। उसे 17 नवंबर को श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने 18 नवंबर को जसीर बिलाल वानी को 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेज दिया था। एनआईए ने वानी को दिल्ली ब्लास्ट के सिलसिले में कोर्ट में पेश किया, जिसमें 13 लोगों की जान चली गई थी।

## ओडिशा में बनेगा दुनिया का पहला काला टाइगर सफारी, सुप्रीम कोर्ट ने दी अंतिम मंजूरी



**भुवनेश्वर 22 नवंबर।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में दुनिया के पहले मेलानिस्टिक (काले) टाइगर सफारी की योजना को अंतिम मंजूरी मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस सप्ताह परियोजना को हरी झंडी दे दी, जिससे महीनों से अटकी योजना का आखिरी कानूनी अवरोध भी हट गया। सफारी का प्रस्ताव मांचाबंधा (बारीपदा से लगभग 10 किमी दूर) में रखा गया था। इसे पहले ही केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) से मंजूरी मिल चुकी थी, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय में लंबित याचिका के कारण परियोजना आगे नहीं बढ़ पा रही थी।

## पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को रायपुर पुलिस ने लिया हिरासत में



**रायपुर, 22 नवंबर [एजेंसी]।**

साइंस कालेज मैदान से शनिवार को तड़के नगर निगम के अमले ने चौपाटी को हटाने की कार्रवाई शुरू की । इस दौरान भारी विरोध प्रदर्शन हुआ। व्यापारियों के साथ विरोध कर रहे पूर्व विधायक विकास उपाध्याय और उनके समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नगर निगम ने सुबह चौपाटी को हटाने की कार्रवाई शुरू की। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, और कांग्रेसजन वहां पहुंच गए। वो जेसीबी के नीचे लेट गए। गाड़ी की चाबी छिन ली। पुलिस ने वहां पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को हटाया। इस दौरान पुलिस के साथ झूमा झटकी भी हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। इससे पहले पूर्व विधायक उपाध्याय व्यापारियों के साथ रातभर धरने पर बैठे रहे।

दरअसल, आमानाका के पास जहां चौपाटी को शिफ्ट करने का प्रस्ताव है,वह जमीन रेलवे की है। रेलवे ने पहले से ही नोटिस चस्पा कर दिया है। पूर्व विधायक उपाध्याय ने कह दिया है कि किसी भी दशा में चौपाटी को नहीं हटाने देंगे।

## 6 दिसंबर को बेलडांगा में रखेंगे बाबरी मस्जिद की नींव टीएमसी विधायक के ऐलान पर राजनीतिक घमासान शुरू

**कोलकाता, 22 नवंबर [एजेंसी]।**



पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी के एक विधायक ने दावा किया है कि 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव रखी जाएगी, जिसमें कई मुस्लिम नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस मस्जिद के निर्माण में तीन साल का समय लगेगा। टीएमसी विधायक के इस बयान पर राजनीतिक बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। टीएमसी विधायक के बयान पर कांग्रेस पार्टी ने भी प्रतिक्रिया दी है।

कांग्रेस नेता अजय कुमार लल्लू ने टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर के बयान पर कहा कि हम इसे लेकर पूरी तरह से स्पष्ट हैं। हम रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, महिलाएं, किसानों और मजदूरों के साथ समावेशिता और समानता की बात करते हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा से संविधान की बात करती है और चुनाव भी इन्हीं मुद्दों पर लड़ा जाए।

## कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली का किया ऐलान, केसी वेणुगोपाल ने लगाए गंभीर आरोप



**नईदिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ बड़े स्तर पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 14 दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे से दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ महा रैली आयोजित की जाएगी। इस रैली का उद्देश्य चुनाव व्यवस्था में कथित धांधलियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ देशभर में संदेश देना है। केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंच रही है। वेणुगोपाल ने एक्स पोस्ट में लिखा, वोट चोरी का साया आज हमारी डेमोक्रेसी पर मंडरा रहा सबसे बड़ा खतरा है। हमारे संविधान को खत्म करने की इन कोशिशों के खिलाफ पूरे देश में मैसेज देने के लिए, कांग्रेस 14 दिसंबर (दोपहर 1.30 बजे से) नई दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली करेगी। उन्होंने आगे कहा, हमें भारत के कोने-कोने से करोड़ों सिग्नेचर मिले हैं, जो भाजपा-भारतीय चुनाव आयोग के गलत तरीकों जैसे बोगस वोटर्स को जोड़ने, विरोधी वोटर्स को हटाने और बड़े पैमाने पर वोटर रोल में हेराफेरी करने को गलत ठहराते हैं।

इतना ही नहीं, हर भारतीय ने देखा है कि चुनाव आयोग कैसे नियमों को तोड़ता है, एमसीसी के उल्लंघन को नजरअंदाज करता है और भाजपा को चुनावों में धांधली करने में मदद करने के लिए दिनदहाड़े रिश्वत देता है। चुनाव आयोग जो कभी एक न्यूट्रल अंपायर था, अब एक खुलेआम पार्टी का खिलाड़ी बन गया है, जो चुनावों में बराबरी के मौके के कॉन्सेप्ट को पूरी तरह से खत्म कर रहा है।

**पाक में संविधान संशोधन से विपक्ष आक्रोशित**

## सड़कों पर पीटीआई और टीटीएपी समर्थक इमरान की बहनों से दुर्व्यवहार के आरोप



**इस्लामाबाद 22 नवंबर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और तहरीक तहफ्फुज आयीन-ए-पाकिस्तान (टीटीएपी) ने पूरे देश में 27वें संवैधानिक संशोधन और पीटीआई संस्थापक इमरान खान की बहनों के साथ कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन किए। खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब और कराची में आयोजित इन प्रदर्शनों में कार्यकर्ताओं ने संविधान की रक्षा और राजनीतिक प्रतिशोध के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इन रैलियों में इमरान खान के पोस्टर, काले झंडे और संविधान बचाओ के नारे प्रमुख रहे। कराची में पुलिस ने प्रदर्शन स्थल तक लोगों को पहुंचने से रोकने के लिए करीब आधा दर्जन प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। दूसरी ओर खैबर पख्तूनख्वा में पीटीआई के प्रांतीय अध्यक्ष जुनैद अखबर के निर्देश पर टीटीएपी के साथ मिलकर बड़ी रैलियां निकाली गईं। जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं ने संविधान में हस्तक्षेप के खिलाफ नारे लगाए और इमरान खान के समर्थन में रैलियां कीं। पेशावर प्रेस क्लब के बाहर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे, जहां स्थानीय सरकार मंत्री मीना खान अफरीदी, सांसद शेर अली अरबाब और जिला अध्यक्ष इरफान सलीम ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। अफरीदी ने कहा कि इमरान खान ने टीटीएपी नेतृत्व को बातचीत या शांतिपूर्ण विरोध दो विकल्प दिए हैं। उन्होंने 27वें संशोधन के तहत दी गई इम्यूनिटी को इस्लाम-विरोधी और असंवैधानिक बताया। इरफान सलीम ने कहा कि संविधान की सर्वोच्चता, कानून के शासन और मानवाधिकारों के लिए पीटीआई का संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों पर पीटीएम कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का आरोप लगाया और कहा कि केवल चुने हुए लोग ही पाकिस्तान पर शासन कर सकते हैं, जो थोपे गए हैं उनका शासन अवैध है।

स्वाबी में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर स्थापना के एजेंडे पर काम करने का आरोप लगाया। स्वाबी-जहांगीरा रोड पर सांसद शाहरेम तरकई ने कहा कि आतंकवादियों को कभी इस्लामाबाद की अदालतों में पेश नहीं किया गया, जबकि पीटीआई नेताओं को जनता की सेवा से रोकने के लिए वहां चलाया जा रहा है। मोहम्मद जिले के मियां मंडी बाजार में सांसद साजिद खान और विधायक इसरार के नेतृत्व में बड़ी रैली हुई, जिसमें 27वें संशोधन को सीधे संविधान पर हमला करार दिया गया। पंजाब में पीटीआई की मुख्य आयोजक आलिया हमजा ने सभी टिकटधारकों को काली पट्टी बांधकर विरोध में शामिल होने का निर्देश दिया।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## केरल में मां अपने बेटे को बनाना चाहती थी आतंकी, यूके में रहने वाले शख्स से ली मदद

**नईदिल्ली 22 नवंबर [एजेंसी]।**

केरल में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 16 वर्षीय किशोर को ISIS में शामिल होने के लिए उकसाने के आरोप में उसकी मां और सौतेले पिता पर आरोप लगे हैं। पुलिस ने अपनी एफआईआर में किशोर की मां को अपने बेटे को कट्टरपंथी बनाने की कोशिश में सक्रिय भागीदार बताया है।

दरअसल, किशोर की मां ब्रिटेन स्थित एक ISIS समर्थक के साथ मिलकर काम कर रही थी। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि नाबालिग को कथित तौर पर ISIS के दुष्प्रचार के संपर्क में लाया गया। वहीं, दूसरे धर्मों से नफरत करने की शिक्षा दी गई और आतंकवादी समूह की विचारधारा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यूएपीए के अंतर्गत हुई एफआईआर में दो मुख्य आरोपियों के नाम हैं। पहले आरोपी की पहचान अंजार के रूप में हुई है। वहीं, दूसरी आरोपी उसकी मां फिदा मोहम्मद अली है। बताया जा रहा है कि अंजार वर्तमान में यूनाइटेड किंगडम के लीसेस्टर में रह रहा है। जांच कर रहे अधिकारियों ने बताया कि अंसार कथित तौर पर किशोर को अपने लैपटॉप पर आईएसआईएस के हत्या के वीडियो दिखा रहा था। वहीं, आतंकी समूह की




विचारधारा को इस्लाम का सबसे बड़ा मार्ग बताते हुए उसके कट्टरपंथी बनाने की कोशिश कर रहा था। वहीं, दूसरी आरोपी लड़के की मां को बनाया गया है। उसने कथित तौर पर अंजार के साथ मिलकर काम किया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों व्यक्तियों ने मिलकर नाबालिग को प्रभावित किया, उसका मार्गदर्शन किया और उसे कट्टरपंथी बनाने की कोशिश की। केरल पुलिस का मानना है कि यह मामला एक व्यापक नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती संकेत में पता चला है कि राज्य के कुछ हिस्सों में इस आतंकवादी समूह से जुड़े कुछ गुप्त तत्व सक्रिय हो सकते हैं। इस पूरे मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुरुआती जांच शुरू कर दी है।

## तेजस क्रैश : मृतक पायलट की पहचान विंग कमांडर नमन स्याल के तौर पर हुई



**नई दिल्ली।** दुबई में एयर शो के आखिरी दिन एक बड़ा विमान हादसा हो गया। एयर शो के दौरान तेजस लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। इस हादसे में विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत हो गई। नमांश के पिता जगननाथ स्याल के पिता ने बताया उनकी अपने बेटे से आखिरी बात बुधवार को हुई थी। नमांश के पिता का कहना है कि उन्हें नमांश की मौत की खबर यूट्यूब से मिली। उन्होंने बताया कि वह यूट्यूब पर एयर शो का वीडियो सर्च कर रहे थे, इसी दौरान उन्हें दुर्घटना के बारे में पता चला। द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा के रिटायर स्कूल प्रधानाचार्य जगननाथ स्याल एयर शो का वीडियो यूट्यूब पर सर्च कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें तेजस विमान के क्रैश होने की खबर मिली।

## बालकोनगर अवधूत आश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 29 को

**बालकोनगर।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के टाउनशिप क्षेत्र में श्री सर्वेश्वरी समूह की ओर से संचालित अवधूत भगवान राम सेवाश्रम की ओर से सेक्टर-4, फॉरेस्ट बैरियर के पास 29 नवंबर, 2025 को विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कोरबा के सहयोग और मार्गदर्शन में सुबह 10.00 से शाम 5.00 बजे तक आयोजित शिविर में जुकाम, खांसी, चर्मरोग, रक्तचाप, मधुमेह, पेट संबंधी बीमारियों, स्त्री रोग, नेत्र रोग, गठिया वात, बवासीर आदि का नि:शुल्क इलाज किया जाएगा। पंजीयन और अधिक जानकारी के लिए संतोष शांडिल्य, सत्येंद्र दुबे, प्रभात डडसेना, आर.के. त्रिवेदी, इंजीनियर अशोक सिंह, संजय सिंह, राजकुमारी देवांगन और अशोक सिंह से क्रमश: मोबाइल नंबर 7999912905, 9826461887, 9981441826, 9993000764, 9425224043, 9424171328, 9981442630 और 9827403222 पर संपर्क किया जा सकता है।

## ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति ने नई मुआवजा गाइडलाइन दरें लागू करने उठाई मांग

**कोरबा** । सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया की अनुसांगिक कंपनी एसईसीएल बिलासपुर के अधीन कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना के कारण कोयला खदानों से प्रभावित ग्रामीणों ने कोयला मंत्रालय से नई मुआवजा गाइडलाइन दरें लागू करने की मांग करी जा रही है।

इस मांग पर ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति की ओर से एसईसीएल के कोरबा, गेवरा, दीपका और कुसमुंडा सहित सभी प्रभावित क्षेत्रों के किसानों और ग्रामीणों के मुआवज़ा निर्धारण के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 की नई गाइडलाइन दरों को तत्काल लागू करने की मांग रखी है। समिति ने केंद्रीय कोयला मंत्री को पत्र प्रेषित कर इसमें हस्तक्षेप की मांग करी हैं।

समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप नें बताया कि एसईसीएल ने कोयला खनन परियोजनाओं के विस्तार के लिए बडे पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है। जिसमें गेवरा, दीपका व कुसमुंडा क्षेत्र के ग्राम नराईबोध, हरदीबाजार, रलिया, भिलाईबाजार, रिसदी, पाली और अन्य ग्राम शामिल हैं। कई ग्रामो में प्रभावित किसानों को अब तक उनके परिसम्पत्तियों का मुआवाजा भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। उनका पुनर्वास भी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा है कि 10-15 वर्ष पूर्व अधिग्रहित की कई मकानों एवं परिसंपत्तियों का आज तक मूल्यांकन पूरा नहीं किया गया। जिससे प्रभावित किसान गंभीर आर्थिक संकट में हैं। ग्रामीणों को मुआवजा देने के लिए वर्ष 2019-20 की पुरानी गाइडलाइन दरों के आधार पर भुगतान तैयार किया गया है, लेकिन यह अन्यायपूर्ण होगा। क्योंकि वर्तमान परिस्थितियों में भूमि एवं परिसंपत्तियों के मूल्य में भारी वृद्धि हो चुकी है। इसे देखते हुए समिति की मांग है कि कोरबा, गेवरा, दीपका और कुसमुंडा क्षेत्रों के सभी प्रभावित ग्रामीणों की परिसंपत्तियों का मूल्यांकन नई गाइडलाइन की दरों के आधार पर किया जाए। छत्तीसगढ केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की ओर से वर्ष 2025-26 की नई दर भी जारी कर दी गई है। इन दरों को तत्काल लागू किया जाना चाहिए ताकि प्रभावित ग्रामीणों को वाजिब मुआवजा मिल सके। इसलिए परिसम्पत्तियों के मूल्याकंन और मुआवजा निर्धारण में संशोधन करते हुए नए दर के आधार पर भुगतान होना चाहिए। भू-विस्थापित संगठन के अनुसार छत्तीसगढ़ केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने लगभग 5 साल बाद नई दरें लागू की है चूँकि मकानों और परिसंपत्तियों की मुआवजा की गणना मूल्यांकन बोर्ड की गाइड लाइन के अनुसार किया जाता है पिछले 5 वर्षो में जितने भी मुआवजा भुगतान किये गए हैं, वर्तमान महंगाई की तुलना पहले के दर पर भुगतान कम है। समिति की ओर से केंद्रीय कोयला मंत्री के साथ ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, कोल इण्डिया व एसईसीएल प्रबंधन का भी इस ध्यान आकृष्ट कराया गया है।

## परियोजना कटघोरा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 04 और आंगनबाड़ी सहायिका के 10 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र 28 नवंबर से 12 दिसंबर 2025 तक आमंत्रित किये गये हैं।

एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय कटघोरा से प्राप्त जानकारी अनुसार कटघोरा परियोजना अंतर्गत ग्राम धंवईपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र नवापारा कमांक 01, ग्राम खोडरी के आंगनबाड़ी केन्द्र खोडरी क्रमांक 02, ग्राम ढपढप के आंगनबाड़ी केन्द्र ढपढप क्रमांक 01 और नगर पालिका दीपका के वार्ड क्रमांक 07 के आंगनबाड़ी केन्द्र दीपका क्रमांक 05 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र मंगाये गये हैं।

इसी तरह कटघोरा परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र केसला, झाबर, रलिया क्रमांक 02, रलिया क्र0 03, ग्राम भिलाईबाजार के आंगनबाड़ी केन्द्र ज्योतिषनगर, आंगनबाड़ी केन्द्र तेलसरा क्रमांक 03, हुंकरा, सोनपुरी, नगर पालिका छुरीकला के वार्ड क्र.10 एवं 11 के आंगनबाड़ी केन्द्र दुर्गा चौक और नगर पालिका दीपका के वार्ड क्रमांक 07 के दीपका क्रमांक 06 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र मंगाये गये हैं।

आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक कार्यालयीन समय प्रात: 10 बजे से षाम 5.30 बजे कार्यालय बाल विकास परियोजना में सीधे अथवा पंजीकृत/साधारण डाक के माध्यम से भेजा जा सकता है। आवेदन पत्र के प्रारूप का अवलोकन परियोजना कार्यालय कटघोरा के नोटिस बोर्ड पर किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय कटघोरा से संपर्क किया जा सकता है।

## कोरबा में विभिन्न कार्यों के लिए 2.77 करोड़ मंजूर

**कोरबा.** । नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोरबा नगर निगम में विभिन्न कार्यों के लिए दो करोड़ 77 लाख 16 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रावधानित अधोसंरचना मद से ये कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोरबा नगर निगम के वार्ड क्रमांक-31 में आर.सी.सी. नाली निर्माण के लिए 97 लाख आठ हजार रुपए तथा सड़क डामरीकरण के लिए 94 लाख 49 हजार रुपए मंजूर किए हैं। वार्ड क्रमांक-31 में काली मंदिर से आर.पी. नगर शिवाजी नगर मोड़ तक सी.सी. रोड के लिए 49 लाख 64 हजार रुपए एवं आर.पी. नगर में स्ट्रीट लाइटिंग के लिए 35 लाख 95 हजार रुपए की भी स्वीकृति।

## कठिन परिस्थितियों के बावजूद उम्मीद और परिश्रम की राह से अलग नहीं होने देती छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाएं



**कोरबा** । कोरबा जिले के वनांचल ग्राम पतरापाली की महिला किसान श्रीमती इतवारी बाई और उनका परिवार अपनी मेहनत, एकजुटता और धैर्य के बल पर खेती को जीवन यापन का मजबूत आधार बना चुके हैं। सिंचाई सुविधा सीमित होने के बावजूद यह परिवार खेती को ही अपनी शक्ति मानता है और सामूहिक प्रयास से हर साल बेहतर उत्पादन ले रहा है।

श्रीमती इतवारी बाई बताती हैं कि उनका खेत संयुक्त खाते में है, जहाँ परिवार के सभी सदस्य मिलकर लगभग 20 एकड़ भूमि में खेती करते हैं। फसल बेचने के बाद प्राप्त राशि का न्यायपूर्ण बंटवारा सभी भाईयों में किया जाता है। परिवार की सभी महिलाएं भी खेती के हर कार्य में बराबर की भागीदारी निभाती हैं। धान बोने से लेकर कटाई, मिंजाई और मंडी तक ले जाने तक। वे बताती हैं कि फसल का मौसम सिर्फ मेहनत का ही नहीं, बल्कि उम्मीद और खुशी का समय होता है। फसल अच्छी होने की प्रतीक्षा और उसे बेचकर घर के लिए जरूरी खर्च पूरे करने की खुशी परिवार के हर सदस्य के चेहरे पर झलकती है।छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान का सर्वाधिक मूल्य दिए जाने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। इससे उन्हें मेहनत का उचित मूल्य मिलता है, वे कर्ज चुका पाते हैं और घर के आवश्यक सामान खरीदकर परिवार की जरूरतें पूरी कर पाते हैं।श्रीमती इतवारी बाई को महतारी वंदन योजना से हर माह मिलने वाला 1000 रुपए का सहयोग भी उनके और उनके परिवार के लिए सहारा साबित हो रहा है। यह राशि वे अपने निजी और घरेलू ज़रूरी कार्यों में उपयोग करती हैं।परिवार के सदस्य श्री राजाराम राठिया बताते हैं कि खेती अकेले किसी एक व्यक्ति के बस की बात नहीं होती। जब पूरा परिवार मिलकर मेहनत करता है, तभी खेतों में फसल लहलहाती है और मंडी तक पहुँचकर किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करती है। उन्होंने भी समर्थन मूल्य बढ़ने से किसानों को मिलने वाली राहत पर संतोष व्यक्त किया।

परिवार की एकजुटता, सरकार की योजनाएं और किसानों की निरंतर मेहनत, वनांचल ग्राम पतरापाली ही नहीं अन्य आम किसान परिवार की ज़िंदगी में खुशहाली ला रही है और यह छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी योजनाएं ही है जो किसानों को कठिन परिस्थितियों के बावजूद उम्मीद और परिश्रम की राह नहीं से अलग नहीं होने देते।

## माखुरपानी में ग्रामीण के घर पर वन विभाग ने मारा छापा, बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी जब्त



**कोरबा।** वन परिक्षेत्र बालको अंतर्गत ग्राम माखुरपानी में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ग्रामीण के घर से भारी मात्रा में अवैध लकड़ी जब्त की है। जिसकी कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से वन विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि कोरबा वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र बालको के ग्राम माखुरपानी में एक ग्रामीण के घर बहुतायत मात्रा में लकड़ी चीरान रखा गया है। इसकी जानकारी डीएफओ श्रीमती प्रेमलता यादव को दी गई। उनके निर्देशानुसार विभाग के अधिकारियों से सर्च वारंट जारी कराकर टीम ने माखुरपानी में तीजराम मंझवार के घर पर दल-बल सहित दबिश देकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान तीजराम के घर से बीजा प्रजाति के 70 नग पल्ला, साल प्रजाति के 08 नग चौखट, कुल 20 नग पाया (18 सलीहा एवं 02 बीजा प्रजाति) तथा बीजा प्रजाति के 3 नग पट्टी अवैध रूप से पाई गई। वनोपज को ज़ब्त कर पी.ओ.आर. नंबर 11995/03, दिनांक 21.11.2025 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी बालको जयंत सरकार के साथ कांती कुमार कंवर (एससीएफओ), रामसिंह उइके (सीएफओ), संजय किशोर राठौर (बीएफओ), चेतन कुमार ध्रुव (बीएफओ), सुनील कुमार खड़िया (बीएफओ), शिवप्रसाद कंवर (बीएफओ), किरण तिग्गा (बीएफओ) एवं अन्नु चन्द्रभॉस (बीएफओ) शामिल रहे।

## धान खरीदी हेतु समितियों में प्रभारी अधिकारी नामांकित का संशोधित आदेश जारी

**कोरबा** । खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं वित्तीय प्रशासकीय प्रबंधन का कार्य संयुक्त रूप से समिति प्रबंधक के साथ शासकीय विभागों के अधिकारियों को समिति स्तर पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी हेतु प्रभारी अधिकारी नामांकित किये जाने के जारी पूर्व आदेश को संशोधित किया गया है।

कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार विकासखंड कटघोरा अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अखरापाली हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मुकेष कुमार लहरे, कटघोरा- खाद्य निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार लांझी, छुरीकला- सहकारिता निरीक्षक सुस्मिता लकड़ा, जवाली- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मीनाक्षी ठाकुर, दूरपा- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी धनेष्वर प्रसाद लहरे और समिति भिलाईबाजार हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रामलाल रविन्द्र को प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया है।इसी तरह विकासखंड करतला अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कनकी हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय कुमार सोनवानी, करतला- एसएडीओ अजय कंवर, कोथारी- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अनिल साण्डे, चिकनीपाली - ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कामता प्रसाद साहू, तुमान- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजू कुमार पाटले, नवापारा- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गजेन्द्र सिंह कंवर, पठिया पाली- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रजनीष सिंह, फरसवानी- खाद्य निरीक्षक पारण सोलंकी, बरपाली (बरपाली)- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजकुमार ताड़िया, रामपुर- सहकारिता निरीक्षक एल.एन. जायसवाल, सुखरीकला - सहकारिता निरीक्षक जी.आर.भतरा और समिति सोहागपुर हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नरेन्द्र कुमार देवांगन को प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया है।विकासखंड कोरबा अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोरकोमा हेतु सहकारिता विस्तार अधिकारी सुभद्रा सिदार, तिलकेजा- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कृष्णा कंवर, बरपाली (कोरबा)- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मोहम्मद सज्जाद, भैंसमा- खाद्य निरीक्षक उर्मिला गुप्ता, श्यांग- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भूपेन्द्र मैत्री और समिति सोनपुरी हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुजाता मुंगेल को प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया है।विकासखंड पाली अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति उतरदा हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रघुनंदन सिंह कंवर, कोरबी- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजेन्द्र कुमार साहू, चैतमा- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रविन्द्र सिंह, निरधि- सहकारिता निरीक्षक भूपेन्द्र साहू, पाली- खाद्य निरीक्षक रवि कुमार राज, पोंड़ी- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बी.एल.पैकरा, लाफा- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एच.सी. सेन्द्रे और समिति हरदी बाजार हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुमित कुमार लहरे को प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया है।

## जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित

**कोरबा** । जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित है।

जिले के 41 सहकारी समितियों के 65 धान उपार्जन केन्द्रो में माध्यम से किसानों से धान उपार्जन किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी श्री जी एस कंवर ने बताया कि गुरुवार 21 नवम्बर को जिले में 43 किसानों से कुल 2,179.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई।

श्री कंवर ने बताया कि धान खरीदी के पहले दिन से अब तक जिले में 73 किसानों से कुल 3,670.80 क्विंटल धान का खरीदी हुआ है। समितियों में सबेरे से ही धान विक्रय के लिए किसानों की पहुँच बनी रहती है। धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सहूलियत हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।धान विक्रय हेतु आए किसानो में पारदर्शी एवं त्वरित धान प्रकिया के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए समर्थन मूल्य में धान की बिक्री होने पर खुशी जाहिर की।कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने धान खरीदी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है। खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुद्ध पेजयल, छांव, बैठक, शौचालय आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।साथ जी राजस्व, खाद्य, मंडी सहित अन्य विभागों की संयुक्त टीम का गठन कर खरीदी केंद्रों में अवैध धान के आवक पर रोक लगाने हेतु सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

## पहली बार समिति में धान विक्रय- किसान घनश्याम राठिया का बढ़ा आत्मविश्वास




**कोरबा** । मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी व्यवस्था अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और किसान-केंद्रित बनी है। राज्य सरकार द्वारा आदान सहायता सहित सर्वाधिक मूल्य ने किसानों के बीच अभूतपूर्व उत्साह पैदा किया है। खरीदी केंद्रों में उपलब्ध सुव्यवस्थित सुविधाएँ, त्वरित तुलाई, सुरक्षित और डिजिटल भुगतान जैसी व्यवस्थाओं ने किसानों को निश्चिंत कर दिया है। सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि इस वर्ष किसान भारी संख्या में खरीदी केंद्रों में पहुँच रहे हैं और अपनी उपज को बेचने के लिए उत्साहित हैं।

यही उत्साह कोरबा जिले के ग्राम कोई के किसान श्री घनश्याम राठिया में भी देखा जा सकता है। उनके पास कुल 06 एकड़ कृषि भूमि है और वे इस वर्ष पहली बार सहकारी समिति के माध्यम से अपना धान बेचने जा रहे हैं। उन्होंने शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं, बढ़े हुए समर्थन मूल्य और पारदर्शी व्यवस्था से प्रेरित होकर अपना धान करतला मंडी के उपार्जन केंद्र में बेचने का निर्णय लिया है।

श्री राठिया बताते हैं कि सरकार ने किसानों के लिए जो व्यवस्था की है, वह पहले से कहीं बेहतर है। सर्वाधिक मूल्य मिलने से उनकी मेहनत का सही मूल्य सुनिश्चित हुआ है। समिति में तुलाई की प्रक्रिया आसान है, कर्मचारी सहयोगी हैं और भुगतान भी शीघ्रता से मिलता है। उन्होंने कहा कि पहली बार समिति में धान बेचने को लेकर मन में संकोच था, लेकिन व्यवस्था देखकर पूरा भरोसा उत्पन्न हुआ है कि किसान सही हाथों में हैं।

कोरबा जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में साफ-सफाई, पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था, तुलाई मशीनों की समय पर जांच, पर्याप्त स्टाफ, सुरक्षा व्यवस्था और शिकायत निवारण की सुविधाएँ सुनिश्चित की गई हैं। शासन का उद्देश्य यह है कि किसी भी किसान को खरीदी के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो और वह सम्मानपूर्वक अपनी उपज बेच सके। किसानों की सुविधा के लिए भुगतान प्रक्रिया को पूर्णतया डिजिटल और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे राशि समय पर सीधे उनके बैंक खातों में पहुंच सके। इस वर्ष खरीदी शुरू होते ही किसानों की बढ़ती उपस्थिति यह प्रमाण है कि शासन की तैयारियाँ सफल और प्रभावी सिद्ध हो रही हैं। किसान बताते हैं कि इस बार खरीदी में किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने से उनका उत्साह और भी बढ़ा है।

श्री राठिया ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की नीतियों ने किसान समुदाय को नई मजबूती दी है। उन्होंने बताया कि इस बार की खरीदी व्यवस्था देखकर ऐसा लग रहा है कि सरकार वास्तव में किसानों के साथ खड़ी है। अब उन्हें विश्वास है कि समिति के माध्यम से धान बेचने का निर्णय सबसे सही है और आगे भी वे अपनी उपज समिति के माध्यम से ही विक्रय करेंगे।

## रोदे गांव में संयुक्त दल की कार्रवाई 42 बोरी अवैध धान भंडारण का हुआ खुलासा



**कोरबा।** कलेक्टर श्री अजीत वंसत के निर्देशन में नायब तहसीलदार श्री सुमन मानिकपुरी, सहायक खाद्य अधिकारी सरोज उरेती, मंडी सब-इंस्पेक्टर आकाश भारद्वाज एवं दिनेश कुमार के संयुक्त दल द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान मंडी अधिनियम के तहत महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई।

तहसील पोड़ी उपरोड़ा, विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम रोदे में स्थित विकास जायसवाल के दुकान सह गोदाम में 42 बोरी (16.80 क्विंटल) अवैध रूप से संग्रहित धान पाया गया। नियम विरुद्ध रखे गए इस धान पर मंडी अधिनियम के अंतर्गत तत्काल कार्यवाही की गई।जांच उपरांत बरामद धान को विधिवत कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति विकास जायसवाल की सुपुर्दगी में दिया गया।

## अमीन भर्ती परीक्षा 07 दिसंबर को

**कोरबा** । छ0ग0 व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा 07 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 02.15 बजे तक जिले के 31 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जायेगी। जिसमें कुल 09 हजार 502 परीक्षार्थी शामिल होंगे।संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देषों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रषिक्षण दिया जायेगा। परीक्षार्थियों के लिये निर्देष जारी किया गया है कि परीक्षा दोपहर 12 बजे से 02.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व 11.30 बजे बंद कर दिया जायेगा। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचेंगें ताकि सभी अभ्यर्थिओं का मेटल डिटेक्टर तथा फ्रिस्किंग जांच किया जा सके।

## धान खरीदी की त्वरित, पारदर्शी प्रक्रिया ने किसान राजा कुमार का बढ़ाया मनोबल बढ़ाया



**कोरबा।** प्रदेश में धान खरीदी शुरू होते ही किसानों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। सर्वाधिक मूल्य पर फसल बेचने का अवसर मिलते ही किसान और अधिक उत्साहित हैं, क्योंकि उन्हें भरोसा है कि उनकी दिन-रात की मेहनत का उचित सम्मान और सही दाम निश्चित रूप से प्राप्त होगा। खरीदी केंद्रों की सुचारू व्यवस्था और ऑनलाइन टोकन की सुविधा ने उनके आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया है, जिससे वे सहज और उत्साहपूर्वक अपनी उपज लेकर उपार्जन केंद्रों की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

कोरबा विकासखंड के सहकारी समिति भैंसमा में गाँव के ही रहने वाले किसान श्री राजा कुमार भारद्वाज ने अपनी मेहनत से उपजे 24.40 क्विंटल धान का विक्रय किया। समिति में मिली बेहतर व्यवस्था, सहज प्रक्रिया और त्वरित खरीदी ने उन्हें बेहद संतुष्ट किया, जिससे उनके मन में अपनी फसल के सही मूल्य और सकारात्मक अनुभव का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ। किसान राजा कुमार बताते हैं कि धान का सर्वाधिक मूल्य ने उनकी मेहनत को सही मूल्य दिलाया है। साथ ही, 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी का प्रावधान किसानों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रहा है।धान खरीदी प्रक्रिया को सरल और सहज बनाने के लिए किसान ने ऑनलाइन टोकन के माध्यम से अपना पंजीकरण कराया और घर बैठे ही टोकन प्राप्त कर लिया। मोबाइल ऐप से टोकन मिलने से उन्हें समिति में पहुंचते ही बिना किसी परेशानी के धान बेचने का अवसर मिला। भारद्वाज ने बताया कि समय पर समिति पहुंचना और तुरंत धान की खरीदी होना उनके लिए अत्यंत सुखद अनुभव रहा। बिना लंबी प्रतीक्षा और बिना किसी भागदौड़ के, समिति के कर्मचारियों का सहयोग और सुव्यवस्थित व्यवस्था से धान विक्रय ने उनके मन में विश्वास और आत्मविश्वास को और बढ़ाया है।

किसान राजा कुमार ने मुस्कुराते हुए कहा-सर्वाधिक मूल्य पर धान खरीदी होने से हमारी मेहनत को सही पहचान मिली है। साथ ही उपज का मान बढ़ा है, और हम किसान अब सचमुच खुश हैं। सरकार की इस व्यवस्था से हमें आगे और अच्छी खेती करने की प्रेरणा मिली है।

## छत्तीसगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम जारी

**कोरबा** । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026'' के संदर्भ में 'निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा की गई है।निर्वाचक नामावलियों के फोटोयुक्त विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 28 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होकर 7 फरवरी 2026 तक चलेगा। इस अवधि में विभिन्न चरण को पूर्ण करने तिथि निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत गणना पत्रक (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरने एवं डिजिटाइजेशन की अवधि 04 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक, मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को दावा-आपत्ति की अवधि 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक निर्धारित है। साथ ही सुनवाई एवं सत्यापन (नोटिस चरण) 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक एवं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में वर्तमान में जिले के सभी विधानसभा अंतर्गत बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाने एवं बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटल प्रविष्टि करने का कार्य प्रगति पर है।अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले बीएलओ को नोटिस जारीअनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा श्री सरोज महिलांगे ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 21 कोरबा में बीएलओ की कार्य की धीमी गति और उदासीनता को देखते हुए, अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले बीएलओ को नोटिस जारी किया है। जिसमें विधान सभा क्षेत्र 21-कोरबा के मतदान केन्द्र क्रमांक 156 - कोरबा (एमपीनगर), 174- कोरबा (लालू राम कॉलोनी), 14-राजीव नगर (जेलगांव) शामिल हैं।

## कलेक्ट्रेट परिसर में विस्फोटक सामग्री से भरे वाहन को रखने वालों पर हो कार्रवाई



**कोरबा।** मो. न्याज नूर आरबी ने छ.ग. के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर State GST Circle-2, कोरबा के अधिकारियों द्वारा 34 टन अमोनियम नाइट्रेट को कलेक्टर परिसर में 24 घंटे तक असुरक्षित रूप से खड़ा रखने की शिकायत, की है उक्त घटना में उल्लेखित अधिकारीयों की घोर लापरवाही के कारण कलेक्टर परिसर सहित जिले के हजारों नागरिकों का जीवन गंभीर जोखिम में डाल दिया गया था दिनांक 05.11.2025 को गुजरात से कुसमुंडा जा रहे लगभग 34 टन अमोनियम नाइट्रेट से भरे 18-पहिया ट्रक को State GST Circle-2, कोरबा के अधिकारियों द्वारा रोका गया और इसे कलेक्टर परिसर में लगभग 24 घंटे तक बिना अनुमति, बिना सुरक्षा और बिना किसी जोखिम आकलन के खड़ा रखा गया। मो. न्याज नूर आरबी ने कहा है कि ट्रक चालक ने कई बार अधिकारियों को बताया कि वाहन में अमोनियम नाइट्रेट लोड है, फिर भी अधिकारियों ने सुरक्षा एजेंसियों, वरिष्ठ अधिकारियों अथवा जिला प्रशासन को कोई सूचना नहीं दी। यह विभागीय प्रोटोकॉल, सुरक्षा नियमों और विधिक प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लंघन है।श्री आरबी ने कहा है कि उक्त तस्ज्ञ अधिकारियों ने विक्रय बिलों एवं ई-वे बिल का अवलोकन कर यह सुनिश्चित किया की ट्रक में 34 टन अमोनियन नाइट्रेट है, इसके बावजूद उन्होंने ट्रक को कलेक्टर कार्यालय परिसर जैसी संवेदनशील जगह पर बिना सुरक्षा के नियमाविरुद्ध, हटधर्मिटा दिखाते हुए 24 घंटे से अधिक समय तक जबरन खड़ा करवाया। बिना सुरक्षा के कलेक्ट्रेट परिसर में वाहन का खड़ा रहना यह प्रत्यक्ष रूप से जानबूझकर की गई अमानवीय गंभीर लापरवाही को साफ-साफ दर्शाता है।कार्यवाही हेतु लिखे पत्र में श्री आरबी ने 34 टन अमोनियम नाइट्रेट के निम्नांकित संभावित दुष्परिणाम बताए हैं अमोनियम नाइट्रेट अत्यंत ज्वलनशील व संवेदनशील रासायनिक पदार्थ है, मामूली चिंगारी, गर्मी या घर्शण से भी भारी भीषण विस्फोट हो सकता था। कलेक्टर परिसर में प्रतिदिन उपस्थित सैकड़ों नागरिक व कर्मचारी, VIP मूवमेंट और विभिन्न सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा गंभीर खतरे में होकर प्रभावित हो रही थी।. 34 टन विस्फोटक सामग्री का विस्फोट 250-500 मीटर के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जनहानि और संपत्ति विनाश संभव था। जिला प्रशासन के महत्वपूर्ण सरकारी अभिलेख, सरकारी कार्यालय, प्रशासनिक ढांचा और अन्य संवेदनशील संरचनाएं भी भारी क्षति झेलते हुए प्रभावित हो सकता है

## श्री सत्य साई जी के जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**जांजगीर।** श्री सत्य साई सेवा संगठन, छत्तीसगढ़ समिति जांजगीर के तत्वधान में भगवान श्री सत्य साई बाबा जी के 100वीं जन्म शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 23 नवम्बर 2025 को किया गया है। यह कार्यक्रम सायं 6 बजे से आशीर्वाद भवन लिंक रोड, जांजगीर मैं आयोजित किया गया है। इस जयंती समारोह के कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन बाल विकास के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम,महामंगल आरती, भण्डारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में सभी वर्ग के ईष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित है। श्री सत्य साई सेवा समिति, जांजगीर (छ.ग.)समिति के संयोजक शैलेष साहू,सेवा प्रभारी सत्येन्द्र गोपाल ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से पधारने की अपील किया है।



## 15 मिनट के लिए दीक्षा बनी कलेक्टर, निभाई जिम्मेदारी

**जांजगीर।** विश्व बाल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन और यूनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नवागढ़ स्थित ज्ञान मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 11वीं की छात्रा दीक्षा सारथी को 15 मिनट के लिए प्रतीकात्मक कलेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर दीक्षा ने युवा पीढ़ी, छात्र-छात्राओं और जिलेवासियों के लिए तीन महत्वपूर्ण संदेश दिए, जिन्हें सभी अधिकारियों और उपस्थितजनोंने बेहद सराहा।



दीक्षा ने सबसे पहले डिजिटल फास्टिंग का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक स्क्रीन का अत्यधिक उपयोग कर मानसिक थकान और परिवार से दूरी महसूस कर रही है। उन्होंने सभी से अपील की कि महीने में एक दिन पूरी तरह स्क्रीन-फ्री दिन मनाएं। इस दौरान छात्र-छात्राएं लाइब्रेरी जाएं, प्रेरणादायी किताबें पढ़ें, खेलकूद और आउटडोर गतिविधियों में भाग लें और माता-पिता, दादा-दादी तथा परिवार के साथ समय बिताएं। दीक्षा ने कहा कि यह पहल मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने, सकारात्मक सोच विकसित करने और ध्यान केंद्रित करने में मददगार होगी। इसके बाद दीक्षा ने जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर घर से प्लास्टिक बैग की जगह कपड़े, जूट या कागज का थैला इस्तेमाल किया जाना चाहिए। बाजार जाते समय यह छोटी पहल बड़ी प्रभावशाली साबित हो सकती है।

## सतवंत कौर भाटिया का निधन

**जांजगीर चांपा।** चांपा शहर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं समाजसेवी महेंद्र सिंह भाटिया की धर्मपत्नी श्रीमती सतवंत कौर भाटिया का कल 19 नवंबर को निधन हो गया जिसका 20 नवंबर 2025 को रायपुर बुढ़ापारा स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर सजातीय बंधुओं के अलावा विभिन्न समाज के लोग बहुतायत संख्या में उपस्थित थे। स्वर्गीय सतवंत कौर भाटिया सतविंदर सिंह भाटिया (ट्विंकल )एवं संदीप भाटिया की माताजी थी। वह पति, दो पुत्र, बहु एवं नाती,पोते से भरा परिवार बिलखते छोड़ गई है।



## श्रीमती राधा देवी शर्मा दिवंगत

**जांजगीर।** शहर के प्रतिष्ठित नागरिक योगेश शर्मा की माता श्रीमती राधा देवी शर्मा जी का स्वर्गलोक गमन बुधवार 19 नवंबर की शाम को हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल गुरुवार 20 नवंबर को सुबह नौ बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम नैला में किया गया। उनके सुपुत्र द्वारा पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी गई। इस अवसर पर बड़ी सख्या में लोग उपस्थित थे।



## शराब पार्टी करते दो आरक्षक लाइन अटैच

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 2 पुलिस कॉन्स्टेबल ड्यूटी छोड़कर थाने में शराब पार्टी कर रहे थे। इस दौरान एक युवक ने उनका वीडियो बना लिया। वीडियो बनाते देखकर आरक्षक भड़क गया। युवक को जान से मारने की धमकी दी। गालियां भी देने लगा। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक मोपका पुलिस चौकी में आरक्षकों के शराब पीने और धमकाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद SSP जनेश सिंह ने आरक्षक संतोष राठौर और धनेश साहू को लाइन अटैच कर दिया है।

# जिले में चखना सेंटरों में मनमानी चरम पर



**जांजगीर।** जिले में आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर कठघरे में खड़ी दिखाई दे रही है। पिछले नौ दिनों से स्थानीय मीडिया द्वारा जांजगीर बीट एवं अकलतरा क्षेत्र में शराब दुकानों के सामने संचालित चखना सेंटरों में हो रही खुलेआम अनियमितताओं पर लगातार समाचार प्रकाशित किए जा रहे हैं, लेकिन विभाग पर इसका कोई प्रभाव पड़ता नहीं दिख रहा है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र की अधिकांश चखना दुकानों में डिस्पोजल ग्लास, पानी पाउच तथा विभिन्न प्रकार की पैक्ड वस्तुओं की बिक्री हो रही है। जबकि लाइसेंस जारी करते वक्त आबकारी विभाग ने साफ निर्देश दिए थे कि चखना दुकानों में किसी भी प्रकार की डिस्पोजल सामग्री, पानी पाउच बेचना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके बावजूद नियमानुसार संचालन के स्थान पर इन दुकानों में खुलेआम मनमानी जारी है। शराब दुकानों के ठीक सामने नियमों की धज्जियां उड़ते हुए देखना आम बात हो गई है। चखना सेंटर संचालक बिना किसी भय के डिस्पोजल पानी पाउच सामान बेचते नजर आते हैं, जबकि आबकारी अमला इस पूरी स्थिति पर चुप्पी साधे हुए हैं। लगातार प्रकाशित खबरों के बावजूद विभाग की ओर से न तो कोई जांच की गई और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की सूचना सामने आई है। इससे आम नागरिकों में यह संदेश जा रहा है कि विभाग या तो पूरी तरह निष्क्रिय हो चुका है, अथवा अनियमितताओं पर जानबूझकर आंखें बंद किए हुए है। शहर के सामाजिक संगठनों और जिम्मेदार नागरिकों का कहना है कि जब मीडिया लगातार अनियमितताओं को उजागर कर रहा है, तब विभाग का इस तरह मौन रहना संदेह पैदा करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय पर सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो नियमों की अवहेलना और अधिक बढ़ जाएगी और इससे अवैध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल सकता है।

सरकार की ओर से निर्धारित नियम व्यवस्था बनाए रखने के लिए होते हैं, और यदि संबंधित विभाग ही उन नियमों की अनदेखी करें तो यह प्रशासनिक गंभीरता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। जनता की यह भी मांग है कि सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए आबकारी विभाग की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। चखना सेंटरों में फैली अव्यवस्था और अनियमित बिक्री को रोकने के लिए त्वरित निरीक्षण, लाइसेंस की पुनः जांच और उल्लंघनकर्ताओं पर दंडात्मक कार्रवाई आवश्यक है।

## अवैध वसूली के मामले में विभागीय जांच शुरू की

**जांजगीर-चांपा।** SP विजय पाण्डेय ने कॉन्स्टेबल राजू लठेवाल को लाइन अटैच कर दिया। उन पर हार्वेस्टर ड्राइवर से 1700 रुपए वसूली के आरोप हैं। एसपी ने मामले की विभागीय जांच सीएसपी योगिताबाली खापर्डे को सौंपी है। मामला केरा चौक के पास का। सरगांव की ओर से आ रही एक हार्वेस्टर को वाहन चेकिंग के दौरान रोका गया था। जांच के दौरान हार्वेस्टर ड्राइवर के दस्तावेजों में कमी पाई गई। ड्राइवर का आरोप है कि चालानी कार्रवाई के बजाय आरक्षक ने 1700 रुपए की अवैध वसूल लिए। ड्राइवर के मुताबिक, उसके पास कैश नहीं थे। जिस पर कॉन्स्टेबल ने एक अन्य व्यक्ति के फोन पे के माध्यम से पैसे अपने खाते में डलवाए और फिर उससे कैश ले लिए। इस वसूली के लिए कोई चालानी पर्ची भी नहीं दी गई। इस मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय को मिलने के बाद उन्होंने तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया।

## मवेशी तस्करों पर मुलमुला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 11 बैल छुड़ाए

**जांजगीर।** मुलमुला थाना पुलिस ने मवेशी तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 बैलों को सुरक्षित बरामद किया है। पुलिस ने इन बैलों को गोठान में रखा है। घटना 20 नवंबर की सुबह करीब 8 बजे की है।



ग्राम जेवरा की ओर से तीन युवक लगभग 11 बैलों को मारते-पीटते पैदल हाँकते हुए ढाबाडीह की दिशा में ले जा रहे थे। एक आरोपी मोटरसाइकिल से उनके पीछे-पीछे चल रहा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत थाना मुलमुला को दी। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को धरदबोचा।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे बैलों को गिधौरी की ओर ले जा रहे थे, जहां से गौ-तस्कर उन्हें खरीदकर बूचड़खानों में बेच देते हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4 और 6 तथा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत मामला दर्ज किया। इसके बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मेलाराम यादव (27) निवासी बोरसी, बिरेन्द्र उर्फ नरेन्द्र कुमार यादव (21) निवासी बोरसी थाना पामगढ़ और मुकेश कुमार मनहर (24) निवासी खोरसी थाना शिवरीनारायण शामिल हैं।

## महिलाएं पहुंची एसपी कार्यालय

**जांजगीर-चांपा।** नगर पालिका के वार्ड नंबर 13-14 की महिलाओं ने क्षेत्र में बढ़ते अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर चिंता जताते हुए एसपी को सामूहिक आवेदन सौंपा है। उन्होंने अवैध शराब बिक्री, मारपीट, धमकी, लूटपाट और महिलाओं-बच्चियों से अभद्र व्यवहार जैसी घटनाओं को लेकर कार्रवाई की मांग की है। महिलाओं ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से वार्ड में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री के कारण असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ गई है।

## प्रभारी सचिव पहुंचे धान खरीदी केंद्र कहा- अधूरे काम 24 घंटे में पूरा करें

**जांजगीर।** जिले के प्रवास के दौरान प्रभारी सचिव एस. प्रकाश ने गुरुवार को अकलतरा, तिलई, खोखरा, कुटरा, पामगढ़, मेऊ, रहौद, खरौद, लोहर्सी और शिवरीनारायण में धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य धान खरीदी की गुणवत्ता, प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुविधाओं का अवलोकन था। निरीक्षण के दौरान कुछ केन्द्रों में तैयारी अधूरी पाई, जिसे 24 घंटे में पूरी करने कहा। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने सभी केंद्रों में धान की गुणवत्ता, आर्द्रतामापी यंत्र के माध्यम से धान की नमी, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने किसानों से बातचीत कर अनुभव और धान विक्रय में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण में कई केंद्रों में अधूरी तैयारियों पर चिंता जताई। कुटरा केंद्र में 11 केवी का तार दिखा, तो उसे हटाने कहा। तार हटाना संभव न होने पर स्टेकिंग से दूरी बनाए रखने कहा। पामगढ़ केंद्र में प्रभारी सचिव ने प्रबंधकों और कंप्यूटर ऑपरेटर से धान की खरीदी और स्टेकिंग के सही तरीके के बारे में पूछा। संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर धान का स्टैक लगाना और कौन-सी प्रजाति का धान खरीदा जाना है।

## सारागांव में 32 सीसी कैमरे लगाए गए

**देवरी-चांपा।** जिले में अपराध पर लगाम लगाने सारागांव क्षेत्र में 32 उच्च तकनीक सीसी कैमरे स्थापित किए हैं। ये कैमरे प्रमुख स्थानों जैसे डबरी चौक, बस स्टैंड, सराफा मार्केट, बैंक और स्कूलों में लगाए गए हैं। इस हाईटेक निगरानी व्यवस्था से अब शहर की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सकेगी। सीसी कैमरों में उन्नत तकनीक शामिल है, जिससे मानव और वाहनों की पहचान, भीड़भाड़ की निगरानी और चेहरा पहचान संभव है। इसके माध्यम से अपराधियों की पहचान और धरपकड़ आसान होगी। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि कैमरों की स्थापना सारागांव के प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर की गई है। इस नई व्यवस्था से न केवल वर्तमान अपराधों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा, बल्कि भविष्य में संभावित अपराधों की रोकथाम भी की जा सकेगी। सारागांव में यह कदम जनता और पुलिस के बीच विश्वास को मजबूत करने में भी सहायक साबित होगा।

## गुरुजी मोहित राम यादव स्मृति राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का होगा आयोजन

### भारत के सभी राज्यों के अखाड़ों के पहलवान होंगे शामिल

**चांपा ।** नगर कोसा कांसा कंचन के साथ ही कुश्ती प्रतियोगिता के लिए भी अपनी राष्ट्रीय पहचान रखता है और यह पहचान दिलाने वाले स्व गुरूजी मोहित राम यादव को इसका श्रेय जाता है जिन्होंने 1952 में चांपा के डोंगाघाट मंदिर परिसर में श्री हनुमान व्यायाम शाला की स्थापना करके अनेकों युवाओं को पहलवान बनाया किंतु यह दुखद है आज उनके द्वारा स्थापित अखाड़े को तथाकथित मंदिर समिति के लोगों द्वारा तोड़ दिया गया है जिसकी कानूनी लड़ाई लड़ी जा रही है। इसी बीच स्वर्गीय गुरुजी मोहित राम यादव के सुपुत्र से हनुमान व्यायाम शाला सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी यादव ने चांपा में राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती प्रतियोगिता कराये जाने की दिशा में कदम बढ़ाया है अपने प्रेस विज्ञप्ति में गिरधारी यादव ने जानकारी देते हैं बताया कि उनके पिता स्वर्गीय गुरुजी मोहित राम यादव द्वारा 1952 नगर के डोंगाघाट से कुश्ती व्यायाम प्रतियोगिता प्रारंभ की थी जो 2019 तक लगातार होती रही है जिसमें भारत देश के अनेकों राज्यों के अखाड़े के पहलवान चांपा में भाग लेने आते रहे हैं कोरोना काल से यह प्रतियोगिता अवरूद्ध हो गई थी जिसे फिर से प्रारंभ किया जाएगा और इसके लिए जल्द ही आयोजन समिति का गठन भी किया जाएगा कुश्ती प्रतियोगिता दिसंबर के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा।



गिरधारी यादव ने बताया कि इस संबंध में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर चांपा नगर की मिट्टी दंगल कुश्ती प्रतियोगिता जो कि अपनी राष्ट्रीय पहचान रखता है के लिए प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए की सरकारी अनुदान प्रदान करने के लिए पत्र लिखा गया है गिरधारी यादव ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय गुरुजी मोहित राम यादव ने पूरा जीवन कुश्ती व्यायाम के क्षेत्र में समर्पित किया था वह हनुमान जी के सच्चे भक्त थे उन्होंने सच्चे मन से चांपा नगर को कुश्ती के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान दिलाई थी तब हमारा यह कर्तव्य बनता है कि ऐसी प्रतिभाशाली व्यक्ति के पुण्य कार्य को आगे बढ़ाकर रखा जाए स्वस्थ शरीर और स्वस्थ बुद्धि का अपना महत्व है शासन का दायित्व बनता है कि वह खेलकूद की दिशा में शासकीय प्रोत्साहन स्वरूप अपना सहयोग प्रदान करें।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा ( छत्तीसगढ़ )

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./उद्यान/2025 दिनांक 17.11.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | कोसाबाड़ी जोन अंतर्गत फलोद्यान में प्रीकास्ट बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 26.18 | 10.12.2025 (T.No.179822) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट **www.korbamunicipal.in** पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा ( छत्तीसगढ़ )

न्यायालय तहसीलदार कटघोरा
जिला-कोरबा (छ.ग.)
// ईश्तहार//

युनिक कोड- 202511051700024
रा.प्र.क्र. बी-121/2025-26
ग्राम- मोंगरा, प.ह.नं. 43,तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम मोंगरा प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. बांकी तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक पूजा अग्रवाल पिता पवन कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल (सामान्य) निवासी ग्राम मोंगरा तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वंय शिक्षा/शासकीय नौकरी में आरक्षण हेतु ई.डब्लू.एस. प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के साथ परिवार के सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 746400.00रु. है। वर्तमान आय प्रमाण पत्र जारी दिनांक 03/11/2025 में सभी स्त्रोतो से वार्षिक आय वित्तीय वर्ष 2024-25 में पटवारी प्रतिवेदन / संलग्न प्रमाण पत्र के आधार पर रू188670/-( रूपये एक लाख अठ्यासी हजार छह सौ सत्तर) है। आवेदिका एवं परिवार पाँच एकड़ से अधिक कहीं भी कृषि भूमि दर्ज नहीं है। आवेदिका द्वारा अपने शपथ पत्र में आर्थिक कमजोर वर्ग के निर्धारित समस्त मापदंडों को पूरा करते हुये ई.डब्लू.एस. प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हो तो दिनांक 08/12/2025 तक आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। तिथि उपरांत प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा । आज दिनांक 21/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
कटघोरा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी
एवं तहसीलदार जांजगीर
जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)
// ईश्तहार//

क्रमांक/तह/वा./जन्म-मृत्यु/2025
जांजगीर, दिनांक / /2025
रा.प्र.क्र.- ब-121/2025
ग्राम- अमोदा

मृत्यु प्रमाण पत्र

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम अमोदा को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालगोविंद पिता श्यामलाल साकिन ग्राम अमोदा तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं--- ग्राम अमोदा में अपने/अपनी श्यामलाल के मृत्यु दिनांक 4.1.1997 को होने से मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 27.11.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक बालगोविंद के पक्ष में मृत्यु पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 13.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जांजगीर


# छत्तीसगढ़ प्रांतीय राठौर सभा के प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन के संबंध में बैठक आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय राठौर सभा के प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक 21 नवंबर 2025 को मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर नूतन कॉलोनी वार्ड नंबर 14 जांजगीर में संपन्न हुई, प्रादेशिक चुनाव के लिए नामांकन प्रकिया 12 दिसंबर, नाम वापसी 13 दिसंबर एवं मतदान प्रकिया 14 दिसंबर 2025 को पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही सदस्यता फॉर्म भरकर जमा करने की अंतिम तिथि 5 दिसंबर 2025 निर्धारित करते हुए राठौर समाज के 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों से सदस्यता ग्रहण कराने पर सहमति बनी।



मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर नूतन कॉलोनी वार्ड नंबर 14 जांजगीर में 21 नवंबर 2025 को दोपहर 2 बजे से आयोजित बैठक की शुरुआत मां काली की पूजा-अर्चना के साथ हुई। बैठक की शुरुआत में छत्तीसगढ़ प्रांतीय राठौर क्षत्रिय सभा के प्रदेश अध्यक्ष सनत राठौर ने प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गोवर्धन प्रसाद राठौर में जानकारी देते हुए बताया कि 12 दिसंबर 2025 को अभ्यर्थियों से नामांकन फार्म जमा कराया जाएगा, वहीं 13 दिसंबर को नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न होगी जबकि, 14 दिसंबर 2025 को प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन के लिए राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर चौक जांजगीर स्थित नवनिर्मित ऑडिटोरियम को निर्धारित किया गया है, जहां पर सुबह 9.30 बजे से प्रादेशिक चुनाव अधिवेशन की प्रक्रिया 14 दिसंबर 2025 को प्रारंभ होगी।

उन्होंने आगे बताया कि इस दिन सुबह 9:30 बजे स्वल्पाहार के पश्चात 10 बजे ध्वजारोहण, ध्वज वंदन, दीप प्रज्वलन एवं माला सिंगर, 10:30 बजे अतिथि स्वागत समारोह, 11 बजे अतिथियों का उद्बोधन, 12 बजे अभ्यर्थियों का उद्बोधन, दोपहर 1 बजे भोजन अवकाश तथा दोपहर 2 बजे से निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ध्वजावतरण, आभार एवं समापन कार्यक्रम संपन्न होगा। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा कि साधारण सदस्यता शुल्क 5 नवंबर 2025 तक ही स्वीकार होगा। इसके बाद सदस्यता आवेदन मान्य नहीं किया जाएगा। सदस्यता आवेदन के साथ 200 रुपए एवं आवेदन पत्र में दो रंगीन पासपोर्ट साइज का फोटो सदस्यता प्रभारी के पास जमा करना होगा। चुनाव प्रक्रिया में किसी भी पद के लिए अभ्यर्थी को दो प्रस्तावक व दो समर्थक सदस्यों से सत्यापित करना होगा। नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 31000 रुपए, प्रदेश महामंत्री पद के लिए 21000 रुपए एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए 21000 रुपए नगद चुनाव समिति में जमा करना होगा, यह राशि वापसी योग्य नहीं होगी। प्रदेश सभा के सदस्यों की सूची 9 दिसंबर 2025 को सुबह 10 बजे सामाजिक भवन कल्याण तलवापारा जांजगीर में चस्पा की जाएगी। हस्ताक्षरयुक्त उक्त सूची में किसी प्रकार का संशोधन व परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

वहीं प्रदेश सभा का कार्यकाल केवल 3 वर्ष के लिए रहेगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सनत राठौर, कोषाध्यक्ष राम सागर राठौर, महामंत्री प्रशांत सिंह राठौर, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री बृजलाल सिंह राठौर, डॉ.केपी राठौर,कोरबा जिला अध्यक्ष संतोष सिंह राठौर,पवन राठौर सारागांव,गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पूर्व अध्यक्ष जीवन सिंह राठौर, जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष शिवप्रसाद राठौर, रायगढ़ जिला अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद राठौर, कृष्ण कुमार राठौर, केदार सिंह राठौर, हनुमान सिंह राठौर, अर्जुन राठौर, कार्यकारी अध्यक्ष महेश राठौर, नवनीत सिंह राठौर, बिलासपुर जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह राठौर, हेमंत राठौर, मुरारी राठौर, लखेश्वर सिंह राठौर, सालिक राम राठौर, अरविंद राठौर, प्रीतम सिंह राठौर, हरीश राठौर, पुरुषोत्तम राठौर, राजेंद्र राठौर, नरेंद्र कुमार राठौर, रामगोपाल राठौर, मुकेश कुमार राठौर, उमेश कुमार राठौर, मनीष राठौर, भूपेंद्र सिंह राठौर, रतनलाल राठौर, मोटे लाल राठौर, हेमराज सिंह राठौर, राकेश कुमार राठौर, रामकुमार राठौर, शिव शंकर राठौर, द्वारिका प्रसाद राठौर, अश्वनी राठौर, मनोज सिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## ट्रैफिक सिग्नल की शुरुआत

**जांजगीर।** यातायात सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जांजगीर पुलिस ने मुख्यालय में नए ट्रैफिक सिग्नल लाइट का शुभारंभ किया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस की पहल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में यह महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुआ। ट्रैफिक सिग्नल का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ने किया।


न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)
// ईश्तहार//

क्रमांक/Q/कार्य.दण्डा./वा/2025
सक्ती, दिनांक 19/11/25

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री फिरतीन बाई पिता/पति रतिराम केंवट साकिन कर्रापाली तहसील सक्ती जिला सक्ती ने अपने पिता/माता/पुत्र/पुत्री रतिराम केंवट ग्राम कर्रापाली तहसील सक्ती जिला सक्ती की मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कारी किये जाने नगर पालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त मृतक/मृतिका को दिनांक 29.06.2008 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 4.12.25 को दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा छ.ग.

क्रमांक/डी.एम.एफ./2025/11696 कोरबा दिनांक : 18.11.2025

सूचना

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा छ.ग. के पत्र क्रमांक/डी.एम.एफ./2025/10532, कोरबा, दिनांक 08.10.2025 के द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत 102 महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस हेतु Emergency Medical Technician (EMT) के 14 पदों (अनारक्षित 06, अ.जा.01, अ.पि.व.2, अ.ज.जा.6) पर भर्ती हेतु विज्ञापित पद पर प्राप्त आवेदन के आधार पर पात्र/अपात्र की सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट www.korba.gov.in में सर्व संबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपत्ति हेतु अपलोड कर दिया गया है। सूची के समस्त कॉलमों का उम्मीदवारों द्वारा सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 28.11.2025 समय 5:00 बजे तक मय आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा। निर्धारित समय पर प्राप्त दावा आपत्ति का नियमानुसार निराकरण कर पृथक से दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं पात्र सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जावेगा।

जी-252604942/4

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कोरबा छ.ग.

## अनमोल वचन......

असफल होने के दो निश्चित तरीके हैं , सोचना और कभी न करना या करना और कभी न सोचना।

# आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा

*इस्लामाबाद में हुए बम धमाके में 12 मौतें हुईं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुरंत इसके लिए भारत को दोषी बता दिया। और उतनी ही फुर्ती से इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने इस पर अपना बयान जारी किया।*

*सुरक्षा एजेंसियों ने 10 नवंबर को आतंकवाद के एक बड़े मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया और उसके कुछ घंटे बाद ही दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के बाहर कार विस्फोट हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे साजिश का नतीजा बताया है। इस घटना से पूरा भारत हिला हुआ है। मगर अमेरिका ने उस पर प्रतिक्रिया जताने में लगभग 24 घंटे लगा दिए। फिर भारत स्थित अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का बयान आया, जिसमें हताहत लोगों के लिए हमदर्दी जताई गई। 11 नवंबर को पाकिस्तान में इस्लामाबाद में एक जिला कोर्ट के बाहर हुए बम धमाके में 12 मौतें हुईं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुरंत इसके लिए भारत को दोषी बता दिया।*

*और उतनी ही फुर्ती से इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने इस पर अपना बयान जारी किया। उसमें इस घटना की निंदा की गई और कहा गया- 'आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में अमेरिका पाकिस्तान के साथ एकजुट खड़ा है।.. अपने देश में शांति और स्थिरता लाने के पाकिस्तान सरकार के प्रयासों का हम समर्थन करते हैं।' तो अंतर साफ है। इस फर्क को हमें ध्यान में रखना चाहिए, क्योंकि इससे इस क्षेत्र की स्थितियां प्रभावित हो रही हैं। विशेषज्ञों ने अंदेशा जताया है कि अमेरिका और चीन के साथ अपने अनुकूल संबंधों से उत्साहित पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैलाने की कोशिशों में नई ऊर्जा के साथ जुट सकता है। उधर बांग्लादेश की खुफिया एजेंसियों के साथ गहराते रिश्तों के कारण पाकिस्तान के लिए भारत विरोधी साजिश रचना और आसान हो गया है। साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल के मुताबिक भारत में इस वर्ष अब तक आतंकवाद से संबंधित साजिश के आरोप में 82 लोग गिरफ्तार हुए हैं। इसे इस बात का संकेत समझा गया है कि आतंक का नेटवर्क फिर फैल रहा है, जो हाल के वर्षों में कमजोर पड़ा हुआ था। इसके पीछे पाकिस्तान संचालित गुटों के हाथ का संदेह है। इसके बावजूद पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता बढ़ी है, तो उसके पीछे डॉनल्ड ट्रंप के दौर में अमेरिका का रुख एक प्रमुख कारण है। चीन का समर्थन तो हमेशा पाकिस्तान के साथ रहा ही है।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज अधिकतम समय आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे।

**वृष राशि :** आज परिवार का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेट आज साथ में समय बिताएंगे। सामाजिक कामों में अपना योगदान देने से आपकी पहचान बढ़ेगी। आपकी लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। कुछ राजनीतिक लोगों के साथ लाभदायक मुलाकात होगी। घर में धार्मिक कार्य करने की योजना बन सकती है।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लंबे समय तक स्वस्थ रहे।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नई बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल से बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही घरेलू समस्याएं आज ख़त्म होगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आज जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपकी टेंशन खत्म होंगी।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेंट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे।

**तुला राशि :** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करने का मौका मिलेगा। आज नई स्किल सीखने का विचार कर सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचें। टूर-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधीबिजनेस में नया मोड़ आ सकता है। आज अपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी

**धनु राशि :** आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज का दिन महिलाओं के लिए बहुत ही अनुकूल है, आपका काम सरल तरीके से होता रहेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है।

**मीन राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनाएंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा।

# साफ हवा की मांग करते लोग सड़कों पर उतरे

//अजीत द्विवेदी//

**दिल्ली की हवा में दम घुट रहा है। यह बात सिर्फ वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई के आंकड़ों से नहीं समझी जा सकती है। जो लोग इस हवा में सांस ले रहे हैं उनको महसूस हो रहा है कि वे अपने फेफड़े में जहर भर रहे हैं। फिर भी अगर आंकड़ों के लिहाज से ही देखें तो पिछले करीब एक महीने से दिल्ली में एक्यूआई का आंकड़ा बढ़ा हुआ है। दिवाली से कई दिन पहले ही इस साल हवा प्रदूषित हो गई। ऊपर से दिल्ली सरकार की कृपा से इस बार दिवाली में 'ग्रीन पटाखे' भी फूटे। सरकार ने तरह तरह के उपाय करके आंकड़े छिपाने या दबावे के प्रयास किए फिर भी एक्यूआई तीन सौ से ऊपर रहा। यानी दिल्ली की हवा 'बेहद खराब' से लेकर 'गंभीर' श्रेणी में रही। इस पूरी अवधि में सरकार का सारा जोर हवा की गुणवत्ता ठीक करने के उपायों की बजाय यह बताने पर रहा कि इस साल पहले से कम प्रदूषण है और हालात धीरे धीरे सुधर रहे हैं। हालांकि यह सुधार सिर्फ कागजों पर था।**

असल में दिल्ली की सरकार हो या पड़ोसी राज्यों की सरकारें या केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट सब इसे बुनियादी रूप से पर्यावरण की समस्या मान कर इसको सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। पर्यावरण की समस्या होने के साथ साथ यह लोक स्वास्थ्य से जुड़ी एक बड़ी समस्या है। यह भी कह सकते हैं कि यह हेल्थ इमरजेंसी जैसे हालात हैं, जिससे निपटने के लिए तत्काल कुछ क्रांतिकारी उपायों की जरुरत है। सरकारों और अदालतों को समझना चाहिए कि यह अनायास नहीं है कि लोग साफ हवा की मांग करते हुए सड़कों पर उतरे हैं। यह किसी सरकार का विरोध नहीं है। यह कोई राजनीतिक प्रतिरोध भी नहीं है। यह जीवन के बुनियादी अधिकार को हासिल करने का आंदोलन है। लोग अपने बच्चों के लिए और अपने घरों के बुजुर्गों की सांस सुरक्षित करने के लिए आंदोलन करने पर मजबूर हुए हैं। इस बात ने उनको नाराज किया है कि वायु प्रदूषण के कारण उनकी आंखों में जलन हो रही है, गले में स्थायी खराश है और सीने में जकड़न बढ़ रही है और दूसरी ओर सरकार कह रही है कि हालात पहले से ठीक हैं और धीरे धीरे सुधार हो रहा है।

पहले से ठीक होने और धीरे धीरे सुधार के दावे को लेकर पहला और बड़ा सवाल तो यह है कि दिल्ली में इतना प्रदूषण कैसे हुआ। यह सवाल इसलिए है कि हर बार पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के किसानों पर दिल्ली के प्रदूषण का दोष डाल दिया जाता है। हर बार कहा जाता है कि किसान पराली जला रहे हैं इसलिए दिल्ली की हवा दूषित हो रही है। लेकिन इस बार तो पंजाब और हरियाणा में किसानों के पास पराली बची ही नहीं थी जलाने के लिए! पंजाब में तो ऐसी बाढ़ आई कि राज्य के सभी 23 जिले उसमें डूबे। किसानों की लगभग सारी फसल बरबाद हो गई। ऊपर से सरकार की ओर से पराली को लेकर इतनी सख्ती की जा रही है, जिसकी मिसाल नहीं है। किसानों की एमएसपी बंद करने और भारी जुर्माना लगाने के नियम बने हैं, जिससे डर कर किसान पराली नहीं जला रहे हैं या चोरी छिपे कहीं थोड़ी बहुत पराली जलाई गई। इसके बावजूद दिल्ली की हवा पहले की ही तरह प्रदूषित रही।

जाहिर है दिल्ली में हवा के प्रदूषित होने के दूसरे भी कारण हैं और वो कारण ज्यादा प्रभावी हैं। ध्यान रहे किसानों को दोष देना सबसे आसान काम है, जो अब तक किया जा रहा है। परंतु बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियों को या कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को या दूसरे बड़ी फैक्टरियों को दोष देने से सब बचते रहे हैं। एक दूसरी समस्या यह है कि सरकारें इसे मौसमी समस्या मान कर इससे निपटने के उपाय करती हैं। माना जाता है कि प्रदूषण की समस्या नवंबर से जनवरी तक यानी तीन महीने रहेगी और इन तीन महीनों में कुछ न कुछ उपाय करते हुए दिखना है और फिर सर्दियां खत्म होते ही प्रदूषण कम हो जाएगा तो इसे भूल जाएंगे। यह भी माना जाता है कि कभी भी तेज हवा चलने लगेगी या बारिश हो जाएगी तो हवा में मौजूद हानिकारक पार्टिकुलेट मैटर कम हो जाएंगे और हवा साफ हो जाएगी। इसी सोच में कृत्रिम बारिश के तमाशे का भी स्वांग कई दिनों तक चलता रहा था। कई दिनों क्या इस तमाशे की चर्चा कई महीने तक चली। अंत में हुआ कुछ नहीं। जाहिर है बुनियादी समस्या एटीट्यूड और एप्रोच की है। वायु प्रदूषण को पर्यावरण की तात्कालिक समस्या मानने के एटीट्यूड और इससे निपटने के तात्कालिक उपायों की एप्रोच के कारण कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है।

दुनिया के दूसरे देशों ने ऐसी समस्या का समाधान निकाला है। बीजिंग तो एक दशक पहले इससे गंभीर वायु प्रदूषण की समस्या से जूझ रहा था। लेकिन लोगों के लगातार दबाव के बाद सरकार एक्शन में आई और उसने सफाई के उपाय किए। आज बीजिंग के नागरिक साफ हवा में सांस ले रहे हैं। अगर चीन की मिसाल उपयुक्त न लगे तो उत्तरी मैसिडोनिया की मिसाल ली जा सकती है। वहां तो पिछले साल ही बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया, जिसके बाद सरकार को हवा की सफाई की ठोस योजना लागू करनी पड़ी। भारत में भी पहली बार लोग साफ हवा के लिए सड़क पर उतरे हैं। इंडिया गेट पर हुए प्रदर्शन को गंभीरता से लेने की जरुरत है। यह किसी कर्मचारी संघ या किसान समूह या मजदूर संघ या किसी भी हित समूह का प्रदर्शन नहीं था, जिसे पीछे से कोई संगठन निर्देशित कर रहा था। यह आम नागरिकों का प्रदर्शन था, जो साफ हवा में सांस लेने के अधिकार के लिए सड़क पर उतरे थे। प्रदर्शन में लोगों का गुस्सा और उनकी निराशा दोनों साफ दिख रहे थे।

केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों को आम नागरिकों की इस भावना को समझना चाहिए। अगर सरकारें किसानों को, नागरिकों को या बारिश और हवा को दोष देती रहेंगी तो धीरे धीरे लोगों का गुस्सा बढ़ेगा। समय काटने और अपने आप हवा की गुणवत्ता में सुधार हो जाने पर संतोष कर लेने की एप्रोच भी लोगों को नाराज करेगी। क्योंकि यह सिर्फ तीन महीने की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे साल की समस्या है और सिर्फ पर्यावरण की नहीं, बल्कि लोक स्वास्थ्य की भी समस्या है। इसलिए वन व पर्यावरण मंत्रालय से लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय और शहरी विकास से लेकर लोक निर्माण से जुडे तमाम विभागों को एक साथ आकर एक ठोस योजना बनानी होगी, जिससे इस समस्या का स्थायी समाधान निकले।

# बगावत की चिंगारी को बुझा कर बहुमत की ज्वाला पैदा करना कोई अमित शाह से सीखे

//नीरज कुमार दुबे //

**बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की स्ट्राइक रेट का 90 प्रतिशत से ऊपर रहना संगठनात्मक पराक्रम का भी परिणाम है। चुनाव से पहले के हालात पर गौर करें तो नीतीश कुमार के खिलाफ एंटी-इनकम्बेंसी को खत्म करना सबसे बड़ी चुनौती थी। साथ ही गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बँटवारे और सबको साथ लेकर चलने की चुनौती भी थी। ऐसे में अमित शाह ने यह जिम्मेदारी अपने हाथ में ली। बिहार में अमित शाह ने 4-5 महीने पहले ही मोर्चा संभाल लिया था। अमित शाह के कमान संभालने के बाद भाजपा और सहयोगियों के बीच कई दौर की वार्ता हुई। अमित शाह JD(U), LJP (RV), RLSP और HAM को एक मंच पर लेकर आये। सीट-दर-सीट जातीय समीकरण का सटीक विश्लेषण किया गया और संभावित विवादों को समय रहते शांत किया गया। यह वह काम है जो सामान्यतः चुनाव घोषित होने के बाद शुरू होता है लेकिन अमित शाह ने महीनों पहले इसकी नींव तैयार कर दी थी।**

देखा जाये तो अमित शाह का चुनावी अभियान केवल मंच के भाषणों तक सीमित नहीं होता। उनकी शैली हमेशा जमीनी संरचना को मजबूत करने पर आधारित होती है। 5 जिला स्तरीय संगठन बैठकें, 5 क्लस्टर स्तर की बैठकें, 35 विशाल रैलियाँ, 1 महत्त्वपूर्ण रोड शो और और हर दौरे पर कोर ग्रुप के साथ बैठकें की गयीं। इस दौरान अमित शाह लगातार एक ही बात दोहराते रहे कि बूथ जीते बिना चुनाव नहीं जीता जाता।÷ उनका यह फोकस बालू की दीवार को भी कंक्रीट का किला बना देता है। अमित शाह की निगरानी में बिहार में भाजपा का बूथ नेटवर्क तगड़ा हुआ और परिणाम सामने आया– प्रचंड जनादेश।

इसके अलावा, बिहार के दरभंगा जिले की अलिनगर विधानसभा सीट अचानक राष्ट्रीय सुर्खियों का केंद्र बन गई थी जब भाजपा ने यहाँ से लोकप्रिय मैथिली लोकगायिका मैथिली ठाकुर को उम्मीदवार बनाकर एक साहसी राजनीतिक दांव खेला था। हालांकि यह दांव जितना आकर्षक था, उतना ही जोखिमभरा भी क्योंकि ज़मीनी स्तर पर तुरंत असंतोष की लहर उठी। वर्षों से पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस करने लगे और कई ने बगावत की चेतावनी दे दी। स्थिति ऐसी थी कि यह प्रयोग भाजपा के लिए आत्मघाती भी साबित हो सकता था। लेकिन राजनीति में संकट वहीं खत्म होता है जहाँ अमित शाह का प्रवेश होता है। चुनावी अभियानों के महारथी, संघटनात्मक इंजीनियरिंग के सिद्धहस्त और आधुनिक भारतीय राजनीति के अजेय रणनीतिकार, अमित शाह ने एक बार फिर दिखा दिया कि उन्हें यूँ ही भाजपा का 'चाणक्य' नहीं कहा जाता।

हम आपको बता दें कि अलिनगर उन सीटों में से थी जिन्हें भाजपा पारंपरिक रूप से अनुकूल नहीं मानती। मैथिली ठाकुर जैसे युवा चेहरे को उतारना प्रधानमंत्री मोदी के उस बड़े प्रयोग का हिस्सा था जिसमें वह पार्टी में युवाओं, कलाकारों और नई पीढ़ी को निर्णायक भूमिका में लाना चाहते हैं। लेकिन पुराने कार्यकर्ताओं की नाराज़गी ने स्थिति को नाजुक बना दिया। यहीं अमित शाह ने अपनी विशिष्ट शैली में कमान संभाली। उन्होंने थकान को दरकिनार करते हुए एक के बाद एक फोन कॉल किए, हर 'आक्रोशित' नेता को शांत किया, हर असंतुष्ट कार्यकर्ता को सुना और धीरे-धीरे बगावत की आग को पूरी तरह शांत कर दिया। यह वही हस्तक्षेप था जिसने मैथिली ठाकुर के लिए रास्ता साफ किया।

पार्टी के दिल्ली और पटना दोनों ही धड़ों में यह स्वीकार किया गया कि अलिनगर की ऐतिहासिक जीत अमित शाह की अथक मेहनत और उनके अद्वितीय संकट प्रबंधन क्षमता का परिणाम थी। बात सिर्फ अलिनगर की भी नहीं है क्योंकि रूठों को मनाने और असंतुष्टों को समझाने का काम अमित शाह ने पूरे बिहार में किया। उन्होंने बगावत की चिंगारी को बुझा दिया और बहुमत की ज्वाला पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चुनाव प्रचार के पूरे अभियान के दौरान अमित शाह ने अलग-अलग महत्वपूर्ण बैठकों, संवादों और रणनीतिक हस्तक्षेपों के माध्यम से न सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया, बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति राजनीतिक सद्भावना को भी सार्थक दिशा दी। देखा जाये तो अमित शाह की चुनावी शैली की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह रणनीति को तीन आयामों में रचते हैं– संगठन, समाज, और संदेश। यही भाजपा का वह मॉडल है जिसने उसे बार-बार कठिन इलाकों में जीत दिलाई है। देखा जाये तो चुनाव सिर्फ प्रचार से नहीं जीते जाते। चुनाव जीते जाते हैं संयम, संवाद, रणनीति और समय पर लिए गए सटीक निर्णयों से। यह जीत बताती है कि असंतोष चाहे कितना भी गहरा हो, संगठनात्मक नियंत्रक की भूमिका में अमित शाह अतुलनीय हैं। युवा चेहरों को आगे लाने का मोदी -शाह मॉडल सिर्फ प्रयोग नहीं, यह भविष्य की राजनीति का रोडमैप है। भाजपा अब सिर्फ परंपरागत समीकरणों पर नहीं, बल्कि नए सामाजिक-राजनीतिक प्रयोगों पर खड़ी एक गतिशील पार्टी बन चुकी है। अमित शाह भले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं हैं, लेकिन पार्टी आज भी हर बड़ी चुनावी लड़ाई में उनके नेतृत्व-क्षमता पर ही निर्भर रहती है। वह महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में भी कठिन परिस्थितियों को अवसरों में बदल चुके हैं। उनकी सबसे बड़ी ताकत है– राजनीति को भावना नहीं, प्रणाली के तौर पर देखना। अगला चुनावी युद्धक्षेत्र पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा कर दी है कि बंगाल के जंगलराज को समाप्त करना है। माना जा रहा है कि अमित शाह अब बंगाल पर ध्यान केंद्रित करेंगे। क्योंकि जहाँ मोदी जन-भावना जगाते हैं, वहाँ शाह जन-भावना को संरचना में बदलते हैं। बहरहाल, यदि राजनीति एक विद्या है, तो अमित शाह उस विद्या के अधिष्ठाता हैं– रणकौशल, बुद्धि और संगठनात्मक कठोरता के अद्वितीय संयोजन के साथ। अमित शाह की राजनीति आधुनिक चाणक्य की तरह निर्णायक और परिणाम-केंद्रित है।

## किसी ने नहीं सोचा था कि इतना बड़ा जनादेश मिलेगा

बिहार विधानसभा का नतीजा ऐसा होगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। न तो नरेंद्र मोदी ने सोचा था, न अमित शाह ने और न नीतीश कुमार ने। यह अलग बात है कि नारा 225 सीट जीतने का था या बातें 2010 की तरह 206 सीट जीतने की हो रही थी। लेकिन असल में किसी ने नहीं सोचा था कि इतना बड़ा जनादेश मिलेगा। तभी अमित शाह ने 160 सीटों की बात कही थी। उन्होंने जब 160 सीटों का लक्ष्य रखा तब भी एनडीए की साझीदार पार्टियां बहुत आश्वस्त नहीं थीं। सोचें, पहले चरण की 121 सीटों के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने खुद कहा कि विपक्ष की 65 वोल्ट का झटका लगा है। इसका अर्थ यह निकाला जा रहा था कि पहले चरण में एनडीए 65 सीटें जीत रहा है।

इस अनुपात में दोनों चरण मिला कर 130 से 140 सीटें हो सकती थीं। दूसरे चरण के चुनाव में मतदान पूरी तरह से दो ध्रुवीय हो गया। फिर भी डेढ़ सौ से ज्यादा सीट जाने की उम्मीद एनडीए के नेता नहीं कर रहे थे। भाजपा के बिहार प्रदेश के एक नेता ने अनौपचारिक बातचीत में कहा था कि 140 सीटें पक्की हैं और 40 सीटों पर नजदीकी मुकाबला है, जहां मेहनत करनी होगी। यानी मेहनत करके 180 सीटों तक पहुंचने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य था। उस नेता ने भी दो सौ सीटों के बारे में नहीं सोचा था। ऊपर से तमाम एक्जिट पोल नजदीकी मुकाबला दिखा रहे थे। सबके आंकड़े में दोनों गठबंधनों के बीच दो से चार फीसदी वोट का अंतर दिख रहा था और ऐसा माना जा रहा था कि अगर एक दो फीसदी वोट भी इधर उधर हुए तो समीकरण बदल जाएगा। लेकिन दोनों गठबंधनों के बीच अंतर 10 फीसदी वोट का हो गया। यह भी किसी ने नहीं सोचा था। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि पिछली बार नीतीश कुमार ने 11 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे, जिसमें से एक भी नहीं जीत पाया था, जबकि इस बार सिर्फ चार में से दो उम्मीदवार चुनाव जीत गए। जनता दल यू की ओर चैनपुर सीट पर जमां खान जीते, जबकि अररिया सीट पर शगुफ्ता अजीम चुनाव जीत गईं। इस बारे में भी किसी ने नहीं सोचा था।

इस बार जदयू पूरी तरह से भाजपा के रंग में रंगी हुई दिखाई दी। योगी आदित्यनाथ ने जनता दल यू के उम्मीदवारों की सीटों पर प्रचार किया। पूरे गठबंधन ने सिर्फ पांच मुस्लिम उम्मीदवार उतारे, जिसमें चार जदयू के और एक लोजपा का था। अमित शाह से पूछा गया कि भाजपा ने कोई मुस्लिम उम्मीदवार नहीं दिया तो उन्होंने कहा कि इसमें क्या नई बात है, भाजपा पहले भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं देती थी। इसके बावजूद दो मुस्लिम उम्मीदवार जीत गए। इतना नहीं 50 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले ठाकुरगंज सीट पर भी जदयू के गोपाल अग्रवाल चुनाव जीत गए। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के कारण जिन सीटों पर नजदीकी मुकाबले का अंदाजा लगाया जा रहा था उन सीटों पर भी भाजपा और जदयू के उम्मीदवार भारी अंतर से जीते हैं। कुम्हरार की सीट पर प्रोफेसर केसी सिन्हा के कारण भाजपा मुश्किल में लग रही थी लेकिन वह 40 हजार से ज्यादा वोट से जीती। ऐसे ही दीघा जन सुराज के रितेश रंजन के कारण मुश्किल हो रही थी तो वह सीट भाजपा 50 हजार वोट से जीती। भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के सामने भाजपा की स्थिति कमजोर थी और ऊपर से एक निर्दलीय वैश्य उम्मीदवार के कारण मुश्किल बढ़ रही थी पर वह सीट भी भाजपा जीत गई। बिहार से सबसे पॉपुलर यूट्यूबर मनीष कश्यप जन सुराज की टिकट पर चनपटिया सीट लड़ रहे थे और माना जा रहा था कि वे जीतेंगे या अपनी जाति के भाजपा उम्मीदवार को हरवा देंगे लेकिन वहां भी भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की।

## स्वीरों की दुनिया



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा की।



मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल तथा अल्पसंख्यक मामलों तथा मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने नई दिल्ली में विश्व मत्स्यपालन दिवस 2025 का उद्घाटन किया।



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह को गुजरात के भुज में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के डायमंड जुबली सेलिब्रेशन के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर का इंस्पेक्शन करते हुए।




केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने पटना में पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा के साथ नई दिल्ली में गुरु तेग बहादुर के 350 वें शहीदी दिवस के मौके पर लाल किले में होने वाले 3 दिन के कार्यक्रम की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए एक मीटिंग के दौरान।



नई दिल्ली में स्मॉग के कारण कम विज़िबिलिटी के बीच सड़क पर गाड़ियां चलती हुई।



कोलकाता में भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोग इमारतों से बाहर निकल रहे हैं। शुक्रवार सुबह पश्चिम बंगाल और उत्तर-पूर्व के कुछ हिस्सों में झटके महसूस किए गए, जब बांग्लादेश के नरसिंगडी में 5.7 मैग्नीट्यूड का भूकंप आया।

# जोहान्सबर्ग में भारतीय मूल के उद्यमियों से मिले पीएम मोदी, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री से भी की मुलाकात



**जोहान्सबर्ग, 22 नवंबर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के तकनीकी उद्यमियों और भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत की और उनसे भारत के साथ अपने संबंधों को और गहरा करने का आह्वान किया। जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में शामिल होने जोहान्सबर्ग पहुंचे पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उनकी भारतीय मूल के तकनीकी उद्यमियों के साथ सार्थक बातचीत हुई और उन्होंने फिनटेक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा उपकरण आदि क्षेत्रों में अपने द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे भारत के साथ अपने संबंधों को और गहरा करने तथा हमारे लोगों के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने दक्षिण अफ्रीका में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात की, जो विभिन्न सामुदायिक संगठनों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर अपने अनुभव साझा किए और विभिन्न क्षेत्रों में भारत की प्रगति की सराहना की।

उन्होंने उनसे आग्रह किया कि वे लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की गति को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे दक्षिण अफ्रीका के लोगों के बीच योग, आयुर्वेद जैसी प्रथाओं सहित भारतीय संस्कृति की लोकप्रियता को बढ़ावा देने के लिए भी कहा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि पीएम मोदी ने युवाओं को महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला की विरासत से जोड़ने में मदद करने के उनके प्रयासों की भी सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जोहान्सबर्ग में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बानीस से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने रक्षा एवं सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों, व्यापार एवं निवेश तथा लोगों के बीच संबंधों सहित विविध क्षेत्रों में सहयोग में प्रगति का जायजा लिया। जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका पहुंचने के कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अल्बानीज से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हमारे संबंधों में पर्याप्त गहराई और विविधता पर संतोष व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने रक्षा एवं सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, व्यापार एवं निवेश, शिक्षा और लोगों के बीच संपर्क सहित विविध क्षेत्रों में सहयोग में प्रगति का जायजा लिया तथा इन क्षेत्रों और नए क्षेत्रों में बहुआयामी द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। जायसवाल ने कहा कि उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की भी प्रतिबद्धता जताई। अल्बानीज ने हाल ही में दिल्ली में हुए आतंकवादी हमले और सऊदी अरब में हुई बस दुर्घटना पर संवेदना व्यक्त की, जिसमें कई भारतीय मारे गए थे।

## महू में जवाद सिद्दीकी के मकान पर कार्रवाई फिलहाल रुकी, कोर्ट ने दिया 15 दिन का स्टे

**इंदौर।** अल-फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जवाद सिद्दीकी के महू स्थित पैतृक मकान के ध्वस्तीकरण पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने 15 दिन की अंतरिम रोक लगा दी है।हाई कोर्ट ने कैंटोनमेंट बोर्ड से कहा है कि वह याचिकाकर्ता को कम से कम 15 दिन का नोटिस दे, सुनवाई करे और इसके बाद कोई निर्णय ले।स्वयं को इस मकान में रहने वाला बताते हुए अब्दुल माजिद की ओर से दायर की गई है। उसकी ओर से कहा गया है कि यह मकान पहले जवाद सिद्दीकी के पिता ने उसे हिब्बा (उपहार) किया था। इसके बाद में जवाद सिद्दीकी ने उसको हिब्बा कर दिया। वह लंबे समय से परिवार के साथ वहां रह रहा है। कैंटोनमेंट बोर्ड ने गत 19 नवंबर को याचिकाकर्ता को तीन दिन का नोटिस जारी कर मकान का अवैध हिस्सा ध्वस्त करने के लिए कहा है। माजिद की ओर से याचिका में कैंटोनमेंट बोर्ड के नोटिस को चुनौती देते हुए कहा गया है कि नोटिस पूरी तरह से आधारहीन है, क्योंकि इस नोटिस में यह स्पष्ट नहीं है कि भवन का कौन-सा हिस्सा अवैध है और किस तरह का अवैध निर्माण है। याचिका में अब्दुल माजिद की ओर से कहा गया है कि कैंटोनमेंट बोर्ड ने वर्ष 1996-97 में भी इस मकान के संबंध में नोटिस जारी किया था।कैंटोनमेंट बोर्ड ने यह भी स्पष्ट नहीं किया है कि वर्ष 1996-97 में दिए गए नोटिस का क्या हुआ। लगभग 30 साल तक कैंटोनमेंट बोर्ड ने इस मकान के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की और अब तीन दिन में मकान तोड़ने की बात कर रहे हैं। न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा ने तर्क सुनने के बाद फिलहाल तो नोटिस के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है।

## शिंदे की शिवसेना ने रिपब्लिकन सेना के साथ किया गठबंधन, बोले- हम बाबासाहेब के विचारों के भक्त हैं



**ठाणे, 22 नवंबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कल रात ठाणे में दलित संगठन रिपब्लिकन सेना के साथ गठबंधन की घोषणा करते हुए भीमशक्ति-शिवशक्ति एकता के पुनरुत्थान की घोषणा की।भीमशक्ति-शिवशक्ति शब्द का इस्तेमाल अतीत में अविभाजित शिवसेना और डॉ बीआर आंबेडकर के अनुयायियों के एक साथ आने के लिए किया जाता रहा है। यह घोषणा राज्य में निकाय चुनावों से पहले की गई है। शिवसेना प्रमुख शिंदे ने कहा कि यह नई साझेदारी कुर्सी के लिए नहीं, बल्कि न्याय के लिए है। शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में रिपब्लिकन सेना प्रमुख आनंदराज आंबेडकर और अन्य लोग शामिल हुए। शिंदे ने कहा कि यह गठबंधन बाबासाहेब आंबेडकर की विचारधारा और वंचितों व शोषितों के उत्थान के लिए साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है। उन्होंने आगे कहा कि आनंदराज आंबेडकर में बाबासाहेब का खून है और हम बाबासाहेब के विचारों के भक्त हैं। भारतीय लोकतंत्र में डॉ. आंबेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए, शिंदे ने कहा कि संविधान ने साधारण पृष्ठभूमि के लोगों को सर्वोच्च पदों तक पहुंचने में सक्षम बनाया और उनके जैसा एक किसान का बेटा मुख्यमंत्री बन सका।

### धर्मांतरण और चंगाई सभा का विरोध, 23 नवंबर को आदिवासी सरना बचाओ महारैली

**रांची।** धर्मांतरण और चांद गांव में जारी चंगाई सभा के विरोध में विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा 23 नवंबर को आदिवासी सरना बचाओ महारैली आयोजित की जा रही है। इसी को लेकर आज धुर्वा सरना स्थल धूमकुड़िया परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित की गई।प्रेस वार्ता में मेघा उरांव और राम पहान ने संयुक्त रूप से कहा कि झारखंड के कई हिस्सों में अंधविश्वास को बढ़ावा देते हुए अवैध रूप से चंगाई सभाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें चांद गांव में झारखंड महाअभिषेक चर्च द्वारा संचालित सभा भी शामिल है।नेताओं ने बताया कि महारैली के माध्यम से धर्मांतरण, चंगाई सभा और ईसाई बने लोगों द्वारा हड़पी गई परंपरागत जमीन जैसे पहनई, डाली, कटारी, कोटवार जमीन को बचाने का आह्वान किया जाएगा। इसके अलावा ईसाई ग्राम प्रधानों को पद से हटाने तथा मिशनरियों द्वारा अतिक्रमित सरना स्थलों की रक्षा के लिए जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा।

# बीमा पॉलिसी को लैप्स बताकर पैसे ना देना पड़ा भारी, अब LIC को भरनी होगी ये बड़ी पेमेंट

**झांसी, 22 नवंबर [एजेंसी]।**

बीमा पालिसी को लैप्स बताकर बीमित राशि का भुगतान नहीं करना भारतीय जीवन बीमा निगम को भारी पड़ गया। उपभोक्ता फोरम ने बीमा कंपनी को बीमा दावा के दो लाख रुपये के साथ ही पांच हजार रुपये अतिरिक्त भुगतान का आदेश दिया है। दो माह के अंदर दो लाख रुपये और सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ पीड़ित को भुगतान करने का आदेश दिया गया है। झोकनबाग निवासी रुचि नागपाल ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में वाद दायर कर बताया कि उसके पति अरुण नागपाल ने एलआईसी चाइल्ड




करियर प्लान लिया था, जिसमें बीमित राशि दो लाख रुपये थी। दिसंबर 2016 में प्रीमियम राशि जमा नहीं हो सकी। 3 फरवरी 2017 को पति की मृत्यु के बाद रुचि ने बीमा कंपनी को बकाया राशि जमा करते हुए पालिसी बंद करने और बीमित राशि के भुगतान की मांग की। बीमा कंपनी ने पालिसी को लैप्स (कालातीत) बताते हुए भुगतान से मना कर दिया था।आयोग के अध्यक्ष अमरपाल सिंह, सदस्य ज्योतिप्रभा जैन एवं देवेश अग्निहोत्री ने भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंधक को आदेश दिया कि दो माह के अंदर दो लाख रुपये और सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ पीड़ित को भुगतान किया जाए। साथ ही हर्जाने के रूप में पांच हजार रुपये अलग से चुकाने का आदेश दिया गया है।

# नेता नछत्तर सिंह गिल को हाई कोर्ट से मिली राहत, तुरंत रिहा करने के दिए आदेश



**तरनतारन , 22 नवंबर [एजेंसी]।**

विधानसभा हलका तरनतारन के उपचुनाव के दौरान शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के आईटी विंग के प्रदेश अध्यक्ष नछत्तर सिंह गिल निवासी गांव फेलोके को तरनतारन पुलिस द्वारा 15 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। मामले में शिअद द्वारा पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। अदालत ने तरनतारन पुलिस की कार्रवाई को गैर-कानूनी करार देते हुए पुलिस प्रशासन को फटकार लगाई। साथ ही गिल को फौरी रिहा करने के आदेश जारी किए। उधर, इस मामले में फिरोजपुर रेंज के डीआईजी, एसएसपी तरनातरन के अलावा सब डिवीजन गोइंदवाल साहिब के डीएसपी अतुल सोनी व सीआइए स्टाफ के प्रभारी इंस्पेक्टर प्रभजीत सिंह गिल को हाई कोर्ट ने तलब किया है।

पांच नवंबर को शिअद प्रत्याशी सुखविंदर कौर रंधावा की बेटी कंचनप्रीत कौर की गाड़ी का स्थानीय पुलिस द्वारा पीछा किया जा रहा था। सीआईए स्टाफ की पुलिस से संबंधित पुलिस कर्मियों द्वारा प्रयोग की जा रही कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। कंचनप्रीत ने मौके पर पुलिस को जवाबदेही बनाते हुए वीडियो वायरल कर दिया। इसमें शिअद आईटी विंग के प्रदेश अध्यक्ष नछत्तर सिंह गिल ने पुलिस की उक्त कार्रवाई का विरोध करते हुए आरोप लगाया था कि बेवजह रेकी की जा रही है। इस बाबत पुलिस ने एक एफआईआर दर्ज करके शिअद से संबंधित 14 नेताओं को नामजद कर लिया था। एफआईआर में आरोप लगाया था कि पुलिस की ड्यूटी में रुकावट डाली गई है। मामले में 15 नवंबर को नछत्तर सिंह गिल को अमृतसर के रंजीत एविन्यू क्षेत्र से उठा लिया था।दो दिन बाद 17 नवंबर को शिअद के राष्ट्रीय सचिव गुरसेवक सिंह शेख को भी गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। हालांकि कंचनप्रीत कौर की गिरफ्तारी अभी बाकी है।

## भालू-गुलदार के हमलों पर उत्तराखंड सरकार सख्त, वन मंत्री ने अधिकारियों को दिया ये बड़ा आदेश

**देहरादून।** चमोली समेत अन्य जिलों में भालू और गुलदार के बढ़ते हमलों पर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। इस क्रम में वन मंत्री सुबोध उनियाल ने विभागीय अधिकारियों से बातचीत में साफ किया कि आमजन के जान-माल की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में वन कर्मियों की गश्त को और अधिक मजबूत एवं नियमित किया जाए। साथ ही संवेदनशील और अति-जोखिम वाले इलाकों में अतिरिक्त वन कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। वन मंत्री ने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस गंभीर विषय को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। आमजन की सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मानव पर हमला करने वाले भालू, गुलदार सहित अन्य हिंसक वन्यजीवों की पहचान कर उन्हें नियमानुसार चिह्नित करते हुए तत्काल और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### भवन निर्माण उपविधि में संशोधन

# अब यूपी में 4 मीटर से कम चौड़ी सड़क पर भी मिलेगी बिल्डिंग बनाने की अनुमति



**लखनऊ, 22 नवंबर [एजेंसी]।**

राज्य सरकार ने लगभग साढ़े चार माह पहले लागू की गई उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियों में कुछ संशोधन किए हैं। संशोधन के तहत अब निर्मित क्षेत्र में चार मीटर से भी कम चौड़ी सड़क होने पर यदि भूखंड के आगे सड़क के मध्य से दो मीटर की दूरी है तो भवन निर्माण की अनुमति दी जा सकेगी। संशोधित उपविधि में व्यावसायिक भवनों के मामले में सेटबैक, पोर्च के मानकों में भी बदलाव किया गया है।अब केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार ही पेट्रोल पंप के लिए मानक होंगे। उपविधि में संशोधन के साथ ही आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 के प्रविधान के संबंध में स्पष्टीकरण भी जारी किया गया है। आवास एवं शहरी नियोजन के प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद ने चार जुलाई 2025 से लागू उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियों-2025 और जोनिंग रेगुलेशन्स को लेकर हो रही दिक्कतों के संबंध में कठिनाई निवारण समिति के सुझाव पर उपविधि को जहां संशोधित करते हुए शुक्रवार को आदेश जारी किया, वहीं रेगुलेशन्स के संबंध में स्पष्टीकरण भी दिया गया है। आवास एवं विकास परिषद के आवास आयुक्त और सभी विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्षों को भेजे गए आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नौ मीटर न्यूनतम चौड़ाई वाली सड़कों पर उपविभाजन की अनुमति होगी। आवासीय के साथ ही गैर आवासीय मामले में भी उपविभाजन की अनुमति मिलेगी।

स्टिल्ट को पार्किंग के रूप में इस्तेमाल करने पर उसको एक तल के रूप में नहीं माना जाएगा। स्पष्ट किया गया है कि 15 मीटर से अधिक ऊंचे भवनों में बेसमेंट शामनीय नहीं होगा।इसी तरह भवन निर्माण के मानकों के संबंध में और भी स्पष्टीकरण और संशोधन किए गए हैं। उल्लेखनीय है 17 वर्ष पुरानी भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008, शमन उपविधि-2009 और उससे संबंधी 20 शासनादेश को समाप्त कर सरकार ने जुलाई में नए सिरे से बनाई गई उपविधि व जोनिंग रेगुलेशन्स लागू किए थे। इसके तहत भवन बनाने वालों को पहले से कहीं ज्यादा निर्माण और चौड़ी सड़क किनारे स्थित आवासीय भवनों के मिश्रित उपयोग की अनुमति सहित तमाम सहूलियतें दी गई हैं। नई उपविधि के माध्यम से पहली बार वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार 10 लाख तक आबादी वाले नगरों में 18 मीटर व उससे ज्यादा जनसंख्या वाले शहरों में 24 मीटर रोड किनारे स्थित भवनों के मिश्रित उपयोग (मिक्स्ड यूज) की छूट दी गई है। इससे आवासीय भवन में दुकान या कार्यालय आदि भी अब खोले जा सकते हैं।

## बढ़ते गन कल्चर-भूमाफिया पर बीजेपी मैदान में, 4 दिसंबर को कांग्रेस सरकार के खिलाफ करेगी प्रदर्शन

**शाहपुर 22 नवंबर।** भाजपा मंडल शाहपुर की बैठक शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश सचिव और जिला प्रभारी सुमीत शर्मा, सहप्रभारी संजीव शर्मा व पूर्व विधायक सरवीण चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संगठन की दृष्टि से पार्टी की ओर से दिए गए कार्यों को बूथ स्तर तक ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही, प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियों और जनता से किए गए वादों को पूरा न करने के विरोध में चार दिसंबर को धर्मशाला में होने वाले प्रदर्शन की रणनीति भी बनाई गई।जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमल शर्मा ने बताया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति गंभीर हो गई है, जिससे जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। भूमाफिया और गन कल्चर के बढ़ते प्रभाव के कारण स्थिति चिंताजनक है। भाजपा चार दिसंबर को कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक बड़ा विरोध प्रदर्शन आयोजित करेगी।बैठक में जिला महामंत्री देवेंद्र कोहली, जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमल शर्मा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री तिलक पटाकू, भाजपा नेता राकेश चौहान, मंडल महामंत्री कृपाल संधू, ओम शर्मा, प्रणव शर्मा, मोनी बाला, राजनीतिक ठाकुर, सतिंदर गौतम, अरुण कौशल सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक आपदा के बाद जम्मू-कश्मीर को केंद्र से बड़ी राहत मनरेगा का बढ़ाया कार्यदिवस, 50 दिन अतिरिक्त रोजगार



**जम्मू।** केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत जम्मू-कश्मीर में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कार्यदिवस 100 से बढ़ाकर 150 कर दिए हैं। यह प्राकृतिक आपदा के कारण सैकड़ों पंचायतों को बाढ़ प्रभावित घोषित किए जाने के बाद हुआ है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के लिए मनरेगा के तहत कार्यदिवसों में वृद्धि को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया। उपराज्यपाल कार्यालय पर एक पोस्ट में लिखा गया है कि मैं प्राकृतिक आपदा से प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा बढ़ाने के लिए जम्मू-कश्मीर के लिए मनरेगा के तहत प्रदान किए जाने वाले कार्यदिवसों की संख्या बढ़ाकर 150 दिन करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभारी हूं। पोस्ट में आगे लिखा है कि जम्मू.कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश की 1962 पंचायतों को बाढ़ प्रभावित घोषित किया गया था और इससे आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। भारत सरकार से विशेष राहत की मांग की गई थी और आज के फैसले से कमजोर ग्रामीण परिवारों को स्थिर आय सुनिश्चित होगी, परिवारों को आर्थिक संकट से राहत मिलेगी और टिकाऊ संपत्ति का निर्माण होगा।इससे पहले कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के बाढ़ बादल फटने भूस्खलन, प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्रों में महात्मा गांधी नरेगा के तहत प्रति परिवार 100 दिनों के अतिरिक्त 50 दिनों के अतिरिक्त रोजगार का लाभ देने की सिफारिश की थी।

प्राकृतिक आपदा के कारण सार्वजनिक कार्यों में रोजगार की बढ़ती मांग की संभावना को देखते हुए महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम की धारा 3(4) के तहत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति परिवार 100 दिनों के अतिरिक्त 50 दिनों तक का अतिरिक्त रोजगार प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

# आयुष्मान योजना में नहीं हो सकेगा फर्जी बिलों का भुगतान अब ICU में इलाज की पेमेंट से पहले करना होगा ये काम

**लखनऊ, 22 नवंबर [एजेंसी]।**

आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों को आइसीयू में इलाज का भुगतान मरीज या उसके स्वजन से पुष्टि के बाद किया जाएगा। स्टेट एजेंसी फार काम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) के अनुसार हर महीने आइसीयू में इलाज के लगभग 600 दावे किए जाते हैं। इन बिलों की जांच केंद्र से तय की गई एजेंसी करती है। इसके बाद साचीज के डाक्टरों की टीम बिल की जांच करती है। अब इलाज में कोई संदिग्ध बिल पेश किया जाएगा तो मरीज या उसके स्वजन से काल करके जानकारी ली जाएगी। इसके बाद ही अस्पताल का भुगतान किया जाएगा। अस्पतालों में आइसीयू में भर्ती मरीजों के इलाज में ही सबसे अधिक खर्च आता है। इसलिए अब फोन काल से इलाज की पुष्टि की जाएगी। इसके बाद भी कोई गड़बड़ी होती है तो मरीज के घर जाकर सत्यापन किया जाएगा। किसी भी तरह का फर्जीवाड़ा पाए जाने पर अस्पताल का अनुबंध खत्मकर दिया जाएगा। अस्पताल द्वारा आयुष्मान कार्ड धारक से इलाज का नगद



भुगतान लेने, मरीज को दी गई सेवाओं से अलग बिल पेश करने, सामान्य बीमारी को गंभीर में दर्ज करने, एक ही प्रक्रिया को कई बार करने, वास्तविक लाभार्थी की जगह किसी और का इलाज करने, दस्तावेजों में फेरबदल का प्रकरण पाए जाने पर बिल रोकने, अनुबंध निलंबन और उसे समाप्त करने की कार्रवाई की जाती है। साचीज की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अर्चना वर्मा ने बताया कि अस्पताल के बिल में यदि कोई गड़बड़ी मिलती है तो पहली बार गलती पाए जाने पर नोटिस के साथ ही बिल का 10 गुणा अर्थ दंड वसूला जाता है।

दूसरी बार गड़बड़ी करने पर अस्पताल का अनुबंध खत्मकर दिया जाता है। इस वर्ष एक जनवरी से अब तक अस्पतालों पर 3.61 करोड़ रुपये दंड लगाया गया है।इसमें 2.69 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। यदि कोई अस्पताल उत्कृष्ट कार्य करता है तो उसके लिए प्रोत्साहन और ग्रीन चैनल के माध्यम से सुलभ भुगतान की सुविधा दी जाती है। यदि किसी लाभार्थी को साचीज से संपर्क करना हो, कोई शिकायत या सुझाव हो तो वो टोल फ्री नंबर 180018004444 और 14555 पर संपर्क कर सकता है।

# बरेली उपद्रव में शामिल जुनैद हुआ गिरफ्तार बवाल से पहले घर-घर जाकर कही थी ये बात



**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर शहर में हुए उपद्रव का एक आरोपित प्रेमनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने पूछताछ में बताया कि उपद्रव से पहले उसने लोगों को घर-घर जाकर इस्लामियां ग्राउंड में जाने की बात कही थी। उसके विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मामले पंजीकृत हैं। पुलिस उसका आपराधिक इतिहास निकालकर आगे की कार्रवाई की तैयारी में हैं। कानपुर के आई लव मुहम्मद पोस्टर की आड़ में मौलाना तौकीर रजा ने 26 सितंबर को शहर में उपद्रव कराया था। मौलाना के आवाहन पर पहुंची भीड़ ने पुलिस पर पथराव, फायरिंग की और पुलिस के उपकरण को भी लूटकर फरार हुए थे। इस मामले में शहर के पांच थानों कोतवाली, बारादरी, प्रेमनगर, किला और कैंट में 10 मुकदमे पंजीकृत किए गए थे। जिसमें से पुलिस मौलाना समेत अब तक 92 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।बाकी अन्य लोगों की पुलिस तलाश कर रही थी। इसी क्रम में प्रेमनगर पुलिस ने ब्रह्मपुरा छतरी वाला कुआं निवासी जुनैद अली उर्फ लकी शाह को गिरफ्तार किया। आरोपित प्रेमनगर थाने में उपद्रव से संबंधित लिखे गए मुकदमे में वांछित था। प्रेमनगर पुलिस ने उससे पूछताछ की तो आरोपित ने बताया कि, मौलाना तौकीर के आह्वान पर इस्लामियां ग्राउंड में लोगों को एकत्र करने के लिए लोगों के घर-घर जा रहा था।उन्हें समझा रहा था कि, किस तरह से उन्हें इस्लामियां तक पहुंचना हैं। पुलिस रोके तो उसने बच्चों को आगे करने की बात कही थी। इसके अलावा और क्या करना हैं सभी बातें समझाई थी।



## दशा और दिशा बदलने आएंगे पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा, नई फिल्म राहु केतु का हुआ ऐलान

राहु केतु के निर्माताओं ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म का एक मोशन पोस्टर शेयर किया। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। जानिए आप सिनेमाघरों में पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की फिल्म कब देख सकेंगे।

राहु केतु के निर्माताओं ने फिल्म का एक मोशन पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया। जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, नए साल में, दशा और दिशा बदलने आ रहे हैं राहु केतु। राहु केतु 16 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

फिल्म राहु केतु में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन विपुल विग ने किया है। यह फिल्म जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 16 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक कॉमेडी और फैंटेसी फिल्म है, जिसकी शूटिंग मुंबई और मनाली में हुई है।

पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा फिल्म फुकरे में एक साथ काम कर चुके हैं। फुकरे पुलकित और वरुण की एक साथ पहली फिल्म थी। कॉमेडी फिल्म फुकरे 2013 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन मृगदीप सिंह लांबा ने किया है। यह चार दोस्तों की कहानी है, जो पैसे कमाने के लिए शॉर्टकट अपनाते हैं, लेकिन इसमें एक महिला गैंगस्टर भोली पंजाबन (ऋचा चड्ढा) शामिल हो जाती है। फिल्म में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, अली फजल, मनजोत सिंह, प्रिया आनंद और ऋचा चड्ढा ने अभिनय किया है। वहीं अब फैंस को पुलकित और वरुण की जोड़ी फिल्म राहु केतु में नजर आएगी।

## द पैराडाइज से लीड एक्ट्रेस का पहला लुक हुआ जारी, साड़ी-चूड़ी में नजर आई सोनाली कुलकर्णी

फिल्म द पैराडाइज के निर्माताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फिल्म की लीड एक्ट्रेस सोनाली कुलकर्णी का पहला लुक जारी किया है। इस फिल्म में लीड रोल में नानी हैं और इसका निर्देशन श्रीकांत ओडेला कर रहे हैं। पहला लुक जारी करते हुए निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर लिखा टीम द पैराडाइज की तरफ से नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्ट्रेस सोनाली कुलकर्णी गरु को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। फिल्म में उनका परफॉर्मेंस भी सनसनी मचाने वाला है। इस फिल्म को सिनेमाघरों में 26 मार्च 2026 से देखिए। आपको बता दें कि फिल्म दसरा के बाद डायरेक्टर श्रीकांत ओडेला अब अभिनेता नानी के साथ फिल्म द पैराडाइज बना रहे हैं। यह फिल्म उनके करियर का सबसे बड़ा और खास प्रोजेक्ट माना जा रहा है। एसएलवी सिनेमा के सपोर्ट से बनी द पैराडाइज का निर्देशन श्रीकांत ओडेला ने किया है।

# लैपटॉप खरीद लिया है? ध्यान में रखें ये बातें, लंबे समय तक रहेगा ठीक



लैपटॉप एक ऐसा उपकरण है, जो आजकल हर किसी की जरूरत बन गया है। चाहे आप छात्र हों, ऑफिस में काम करने वाले हों या घर पर काम करने वाले, लैपटॉप आपके जीवन को आसान बना सकता है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि अपने लैपटॉप की सही देखभाल कैसे करें? अगर नहीं तो आइए आज हम आपको कुछ ऐसे सुझाव देते हैं, जो आपके लैपटॉप को लंबे समय तक ठीक रख सकते हैं।

लैपटॉप को साफ रखें

लैपटॉप की सफाई बहुत जरूरी होती है। समय-समय पर इसे साफ करें ताकि धूल-मिट्टी जमा न हो। स्क्रीन को मुलायम कपड़े से साफ करें और कीबोर्ड को भी साफ रखें। इसके लिए आप हल्के साबुन पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। ध्यान रखें कि लैपटॉप को बंद करके ही सफाई करें ताकि किसी भी तरह का नुकसान न हो। इस तरह से आपका लैपटॉप हमेशा नए जैसा दिखेगा और सही तरीके से काम करेगा।

सही जगह पर रखें

लैपटॉप को हमेशा सही जगह पर रखें। इसे किसी ठंडी और सूखी जगह पर रखें ताकि नमी और गर्मी से बचा जा सके। अगर आप इसे बैग में रखते हैं तो ध्यान रखें कि बैग बहुत भरा न हो क्योंकि इससे लैपटॉप दब सकता है। इसके अलावा लैपटॉप को सीधी धूप से बचाकर रखें ताकि इसकी बैटरी और स्क्रीन सुरक्षित रहें। सही तरीके से रखने से आपका लैपटॉप लंबे समय तक ठीक रहेगा और सही तरीके से काम करेगा।

बैटरी का ध्यान रखें

लैपटॉप की बैटरी बहुत अहम होती है इसलिए इसका ध्यान रखना जरूरी है। अगर आप इसे लंबे समय तक ठीक रखना चाहते हैं तो इसे समय-समय पर चार्ज करें और जब इस्तेमाल न करें तो इसे बंद कर दें। बैटरी को हमेशा 20-80 प्रतिशत चार्जिंग पर रखें ताकि यह ज्यादा खराब न हो। इसके अलावा लैपटॉप को लगातार चार्ज पर न रखें क्योंकि इससे बैटरी की उम्र कम हो सकती है।

सॉफ्टवेयर अपडेट करें

लैपटॉप के सॉफ्टवेयर का भी ध्यान रखना जरूरी है। समय-समय पर अपने लैपटॉप के सॉफ्टवेयर को अपडेट करते रहें ताकि यह तेजी से काम कर सके और किसी भी तरह की तकनीकी समस्या न हो। इसके लिए आप नियमित रूप से चेक करते रहें कि कोई नया अपडेट आया हो या नहीं। इसके अलावा सुरक्षा सॉफ्टवेयर भी इंस्टॉल करें ताकि आपका लैपटॉप सुरक्षित रहे और सही तरीके से काम करे।

सहायक उपकरण का सही इस्तेमाल करें

लैपटॉप के सहायक उपकरण जैसे कीपैड कवर, स्क्रीन प्रोटेक्टर आदि का सही इस्तेमाल करें ताकि यह लंबे समय तक ठीक रहे। अगर आप बाहर जाते समय अपने लैपटॉप को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो उसे लैपटॉप बैग में रखें ताकि वह सुरक्षित रहे और कहीं भी नुकसान न पहुंचे। इन सभी तरीकों को अपनाकर आप अपने नए खरीदे गए लैपटॉप की देखभाल कर सकते हैं और इसे लंबे समय तक ठीक रख सकते हैं।



## आफताब शिवदासानी मेरे परिवार के पसंदीदा, मस्ती 4 में साथ में काम करना सपने के सच होने जैसा : रुही सिंह

फिल्मी दुनिया में जब कोई नया कलाकार किसी बड़ी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनता है, तो उसके लिए यह सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं होता, बल्कि एक बड़ा मौका होता है, अपने हुनर को दिखाने का, लोगों तक अपनी पहचान पहुंचाने का और उन सितारों के साथ काम करने का, जिन्हें वे सालों से पर्दे पर देखते आए हैं। कुछ ऐसा ही अनुभव एक्ट्रेस रुही सिंह का भी रहा, जिन्होंने आने वाली फिल्म मस्ती 4 में कई मशहूर अभिनेताओं के साथ काम किया है। यह फिल्म पहले से चर्चित मस्ती फ्रेंचाइजी का हिस्सा है, जिसकी वजह से लोगों में पहले ही काफी उत्साह है। रुही के लिए यह फिल्म सिर्फ एक कॉमेडी नहीं, बल्कि कुछ नया सीखने का मौका भी है।

रुही सिंह ने बताया कि मस्ती 4 की शूटिंग उनके लिए एक खास सफर था। फिल्म में उनके साथ बॉलीवुड के जाने-माने नाम आफताब शिवदासानी, रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और अरशद वारसी जुड़े हुए हैं। उनके साथ स्क्रीन शेयर करना शानदार अनुभव रहा।

रुही सिंह ने कहा, हर अभिनेता अपनी एक अलग ऊर्जा लाता है, और यह फिल्म मेरे लिए सीखने का एक बेहतरीन मौका बनी। इस फ्रेंचाइजी की लोकप्रियता और कलाकारों की टीम ने मुझे अधिक मेहनत करने की प्रेरणा दी।

फिल्म में रुही की जोड़ी अभिनेता आफताब शिवदासानी के साथ है। आफताब के साथ काम करने को लेकर उन्होंने कहा, वह बहुत ही विनम्र और सादगी भरे इंसान हैं। मेरे परिवार के सभी सदस्य और दोस्त आफताब को पहले से पसंद करते आए हैं, इसलिए उनके साथ काम करने का मौका मिलना किसी सपने के सच होने जैसा है।

इसके बाद उन्होंने बाकी कलाकारों की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, रितेश देशमुख कमाल के अभिनेता हैं, जिनकी कॉमिक टाइमिंग और नेचुरल एक्टिंग सभी को प्रभावित करती है।

विवेक ओबेरॉय के बारे में उन्होंने कहा कि स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी यादगार होती है और वे हर किरदार में गहराई जोड़ते हैं।

उन्होंने बताया कि अपने रोल को लेकर वे पूरी तरह खुश हैं और उन्होंने उस पर बहुत मेहनत भी की है।

मस्ती 4 में रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय, आफताब शिवदासानी, तुषार कपूर, एलनाज नौरोजी, शाद रंधावा और अन्य कलाकार शामिल हैं। फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी ने किया है। यह 21 नवंबर को थिएटर में रिलीज होगी।

# ऊनी कपड़ों का इस तरह से रखें ध्यान, नहीं होंगे खराब

ऊनी कपड़े सर्दियों के लिए आदर्श माने जाते हैं क्योंकि ये गर्माहट देने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखते हैं। हालांकि, इनकी देखभाल करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। अगर आप चाहते हैं कि आपके ऊनी कपड़े लंबे समय तक नए जैसे दिखें और आरामदायक भी रहें तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। यहां हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने ऊनी कपड़ों को सही तरीके से रख सकते हैं।

ऊनी कपड़ों को धोने का तरीका

ऊनी कपड़ों को धोते समय खास सावधानी बरतनी चाहिए। गर्म पानी का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे कपड़े सिकुड़ सकते हैं। इसके बजाय ठंडे पानी का उपयोग करें और हल्के साबुन का इस्तेमाल करें। कपड़े को उल्टा करके धोएं ताकि उसकी बाहरी सतह पर कोई नुकसान न हो। हाथों से हल्के हाथों से रगड़ें या मशीन के कोमल चक्र का उपयोग करें। ध्यान रखें कि ज्यादा रगड़ने से कपड़ा खराब हो सकता है।

सुखाने का सही तरीका

धोने के बाद ऊनी कपड़ों को सुखाने का तरीका भी अहम है। उन्हें सीधे सूरज की रोशनी में न सुखाएं क्योंकि इससे रंग फीके पड़ सकते हैं और कपड़ा खराब हो सकता है। बेहतर होगा कि आप उन्हें हवा वाले स्थान पर फैलाकर सुखाएं या फिर किसी हुक पर लटका दें। अगर संभव हो तो उन्हें छांव में रखें ताकि सीधे सूरज की रोशनी न लगे और हवा भी लगती रहे।



स्टोर करने का तरीका

ऊनी कपड़ों को स्टोर करते समय ध्यान रखें कि वे नमी और कीड़ों से सुरक्षित रहें। प्लास्टिक थैलों का उपयोग करने से बचें क्योंकि उनमें नमी जमा हो सकती है। इसके बजाय कागज के थैले या कपड़े के थैलों का उपयोग करें, जो हवा पास कर सकें। कपड़ों को अलमारी में रखने से पहले उन्हें अच्छी तरह से सुखा लें ताकि उनमें कोई नमी न रहे। समय-समय पर उन्हें बाहर निकालकर हवादार स्थान पर रखें।

ब्रश करने का तरीका

ऊनी कपड़ों पर बाल या धागे निकल आना आम बात है, लेकिन इन्हें सही तरीके से ब्रश करके हटाया जा सकता है। इसके लिए नरम ब्रश का उपयोग करें और हल्के हाथों से रगड़ें। ध्यान रखें कि ज्यादा जोर न लगाएं क्योंकि इससे कपड़ा खराब हो सकता है। अगर बाल बहुत ज्यादा निकल आए हों तो पहले उन्हें हाथों से खींचकर निकालें, फिर नरम ब्रश से हल्के हाथों से रगड़ें।

छेद या फटने की मरम्मत-अगर आपके ऊनी कपड़े में छोटा सा छेद या फटने का निशान हो गया हो तो उसे तुरंत ठीक करें ताकि वह बढ़ न सके। इसके लिए सिलाई मशीन का उपयोग करें या हाथों से सिलाई करें। ध्यान रखें कि मरम्मत जगह पर ज्यादा ध्यान न दें ताकि कपड़े का लुक बिगड़े नहीं। इस प्रकार आप अपने ऊनी कपड़ों की देखभाल कर सकते हैं और उन्हें लंबे समय तक नए जैसा बना सकते हैं।



## अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 हुई पीछे

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म दे दे प्यार दे 2 दुनियाभर से लोगों का प्यार बटोर रही है। लव रंजन के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने 14 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। बॉक्स ऑफिस पर 6 दिन पूरे कर चुकी फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़ बनाए हुए है। दुनियाभर में ताबड़तोड़ कमाई करते हुए दे दे प्यार दे 2 ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, दे दे प्यार दे 2 ने अपनी रिलीज के 6वें दिन बॉक्स ऑफिस पर 3.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 47.75 करोड़ रुपये हो गई है। देखा जाए तो कारोबारी दिनों में फिल्म की कमाई में गिरावट आई है, लेकिन वीकेंड पर उछाल की पूरी संभावना है। उम्मीद है कि दे दे प्यार दे 2 शुक्रवार से पहले 50 करोड़ के क्लब में प्रवेश कर जाएगी।

## मोनालिसा ने मोनोकिनी में समंदर किनारे ढाया कहर, बोल्ड फोटोज देख लोग बोले- आजकल जितना...

भोजपुरी इंडस्ट्री से अपना करियर शुरू करने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा अब टीवी की दुनिया का भी जाना-पहचाना चेहरा हैं. वह टीवी के तमाम शोज में काम कर चुकी हैं. इसके साथ ही मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं और अक्सर अपनी ग्लैमरस



फोटोज शेयर कर फैंस का ध्यान खींचती हैं. उनकी तस्वीरें फैंस के दिल के धड़कन को बढ़ा देती हैं. मोनालिसा ने एक बार फिर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं और फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं. हालांकि, एक्ट्रेस को सोशल मीडिया के तमाम यूजर्स ने ट्रोल भी किया है.

मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि मोनालिसा समंदर किनारे बीच पर पोज देते हुए नजर आ रही हैं.

मोनालिसा ने इन तस्वीरों के क्लिक कराने के दौरान मोनोकिनी पहनी हुई थी. मोनालिसा ने मोनोकिनी में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करने का मौका नहीं छोड़ा.

मोनालिसा के बोल्ड अंदाज को देखकर उनके तमाम चाहने वाले फैंस फिदा हो रहे हैं. फैंस अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की तस्वीरों को पसंद करने के साथ ही प्यारे रिएक्शन दे रहे हैं.

मोनालिसा की अदाओं को फैंस तो पसंद कर रहे हैं लेकिन उन्हें ट्रोल भी किया जा रहा है. लोगों का कहना है, आजकल जितना कम कपड़े पहनो उतना ज्यादा पॉपुलर हो जाओ.

मोनालिसा अक्सर अपने फोटोशूट की झलक इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए फैंस को दिखाती रहती हैं. मोनालिसा का हद से ज्यादा ग्लैमरस अंदाज चर्चा में रहता है. मोनालिसा के करियर पर नजर डालें तो उन्होंने भोजपुरी फिल्मों में काम किया. वह म्यूजिक वीडियो और वेब सीरीज में नजर आई हैं. फिलहाल, वह टीवी इंडस्ट्री में एक्टिव हैं. मोनालिसा की निजी जिंदगी की बात करें तो उन्होंने एक्टर विक्रांत सिंह राजपूत के साथ साल 2017 में शादी की थी. वह अक्सर अपने पति के साथ की रोमांटिक फोटोज दिखाती हैं.

## निर्माता बने पंकज त्रिपाठी की परफेक्ट फैमिली का ट्रेलर जारी, सीधा यूट्यूब पर होगी रिलीज



अभिनेता से निर्माता बने पंकज त्रिपाठी की कॉमेडी-ड्रामा सीरीज परफेक्ट फैमिली का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। 8 एपिसोड वाली सीरीज में नेहा धूपिया, गुलशन देवैया, मनोज पहवा, सीमा पहवा और गिरिजा ओक जैसे सितारे हैं। परफेक्ट फैमिली का निर्माण अजय राय और मोहित छब्बा ने मिलकर किया है। 2 मिनट 48 सेकंड का ट्रेलर काफी मजेदार है, जिसमें भावनाओं के साथ-साथ मानसिक सेहत के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। परफेक्ट फैमिली का ट्रेलर जार पिक्चर्स के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। सीरीज की कहानी कर्करिया परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे अपनी छोटी पोती से जुड़ी एक घटना के बाद थेरेपी लेने की जरूरत पड़ती है। इसे भारत की पहली लंबी अवधि वाली सीरीज बताया जा रहा है, जिसका प्रीमियर 27 नवंबर को सीधे यूट्यूब पर होगा। परफेक्ट फैमिली के पहले 2 एपिसोड मुफ्त होंगे, लेकिन बाद के एपिसोड को 59 रुपये देकर देखना होगा। पंकज प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रख रहे हैं, इस बारे में उन्होंने बात की। एक बातचीत के दौरान अभिनेता ने बताया कि परफेक्ट फैमिली उनके लिए बेहद खास है। सीरीज यूट्यूबर पर रिलीज किए के फैसले पर उन्होंने कहा कि यूट्यूब अच्छे और बड़े शो के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म बन चुका है। उनका मानना है कि यह तरीका नया और जरूरी है। जाहिर है कि आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर भी सीधा यूट्यूबर पर रिलीज हुई थी।

## शब्द सामर्थ्य -235

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 234 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# जिले के नदियों से अवैध खनन करने में तस्कर अग्रणी, विभागीय अमला उदासीन





**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में अवैध रेत उत्खनन लगातार गंभीर रूप लेता जा रहा है। स्थिति यह है कि जिले में अब तक रेत खनन के लिए एक भी वैध लाइसेंस जारी नहीं किया गया है, इसके बावजूद कई नदी-नालों से धड़ल्ले से रेत निकाली जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध खनन इस कदर बढ़ गया है कि कुछ नदियों से तो रेत लगभग समाप्त हो चुकी है। इससे न केवल पर्यावरण पर गंभीर खतरा पैदा हो रहा है बल्कि यह सवाल भी उठ रहा है कि जिला खनिज विभाग आखिर कितने सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

सूत्रों के अनुसार, अवैध रेत उत्खनन बिना किसी भय के बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। खनन माफिया रात के अंधेरे में भारी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से रेत का अवैध दोहन कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि कई जगहों पर नदी की प्राकृतिक संरचना बदल चुकी है। अनियंत्रित खनन से नदी का तल नीचे जा रहा है और जलधाराएँ बदलने लगी हैं, जिससे भविष्य में जल संकट, भूमि कटाव और पर्यावरणीय असंतुलन की आशंका बढ़ गई है। जिले के कुछ नदियों—विशेषकर छोटे नदी-नालों—में अवैध रेत उत्खनन से इतना अधिक नुकसान हुआ है कि वे लगभग अपने मूल स्वरूप को खो चुके हैं। नदी के किनारों का क्षरण तेज़ी से हो रहा है, जिससे खेती योग्य भूमि भी प्रभावित हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इस पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले वर्षों में इसका असर जिले की जल-व्यवस्था और जैव विविधता पर गहराई से पड़ेगा। उधर, खनिज विभाग की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। जिला खनिज विभाग दावा करता है कि समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। विभाग द्वारा की गई अधिकांश कार्रवाई मुरूम खदानों तक ही सीमित रही है। मुरूम उत्खनन के मामलों में कागजी कार्रवाई के साथ फाइल फोटो लगाकर विभाग अपनी उपलब्धियों का बखान करता रहता है, जबकि अवैध रेत उत्खनन पर ठोस कार्रवाई का अभाव साफ दिखता है। कभी-कभार अवैध खनन पर कार्रवाई जरूर की जाती है, लेकिन इसे लेकर ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ 'औपचारिकता निभाने' भर की कोशिश है। ऐसे मामलों में छोटे स्तर पर काम करने वाले वाहन चालकों या मजदूरों पर चालानी कार्रवाई की जाती है, जबकि बड़े खनन माफिया तक विभाग की पकड़ अभी तक काफ़ी कमजोर नज़र आती है। पर्यावरण विभाग भी लगातार दावे करता रहता है कि जिले में निगरानी बढ़ाई गई है, लेकिन पर्यावरणीय क्षति के बढ़ते स्तर से यह साफ है कि जमीनी स्तर पर इन प्रयासों का खास असर दिखाई नहीं दे रहा। जिले में अनियंत्रित और अवैध रेत उत्खनन जिस ढंग से बढ़ा है, उससे यह भी जाहिर होता है कि संबंधित विभागों के बीच सामंजस्य की कमी है या कार्रवाई करने की इच्छाशक्ति। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, नदियों के प्राकृतिक स्वरूप को बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है।

## ग्रामीण क्षेत्र के नौनिहालों के लिए मज़बूत आधार

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के ग्रामीण अंचलों में आंगनबाड़ी केंद्र नौनिहालों की प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण केंद्र बनते जा रहे हैं। बच्चों की पहली पाठशाला मानी जाने वाली आंगनबाड़ी में नन्हे कदम समाज से जुड़ना सीखते हैं- खेल-खेल में सीख, पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता और अनुशासन का संस्कार यहीं से शुरू होता है। बीते एक दशक में महात्मा गांधी नरेगा और महिला एवं बाल विकास विभाग के मजबूत समन्वय से जिले में 148 नए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण पूरा किया गया है। इन भवनों में मूलभूत सुविधाओं के साथ हजारों बच्चों का बेहतर भविष्य संजोया जा रहा है। वनांचल क्षेत्र सोनहत में पिछले दशक में 26 नए आंगनबाड़ी भवन बने हैं, जिन पर मनरेगा से 133 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई। इसी तरह जिला मुख्यालय क्षेत्र बैकुण्ठपुर के अंतर्गत 122 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हुआ है। यहां हजारों बच्चे शिक्षा और पोषण गतिविधियों से जुड़ रहे हैं। इन भवनों के लिए मनरेगा से 9 करोड़ 9 लाख रुपये से अधिक मंजूर किए गए। नए मानक के अनुसार एक केंद्र की लागत 11.69 लाख रुपए, जिसमें मनरेगा से 8 लाख रुपए, 2024 से पहले स्वीकृति 6.45 लाख रुपए जिसमें मनरेगा से 5 लाख रुपये।महिला एवं बाल विकास विभाग की मांग पर जनपद पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव जिला पंचायत कार्यालय भेजा जाता है। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जाती है। हर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा ही किया जाता है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभागीय मांग अनुसार सोनहत में 2 नए कार्य, बैकुण्ठपुर में 23 आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य स्वीकृत किए हैं, जिनका निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है।




# तुर्रा नाला के ऊपर बन गई गगनचुंबी इमारत, राजस्व अमला बना रहा अनजान



**जनकपुर।** एमसीबी जिले के तहसील मुख्यालय जनकपुर नगर में जिम्मेदार राजस्व विभाग की निष्क्रियता और भूमाफियाओं से सांठगांठ के कारण शासकीय भूमियों में बेधड़क कब्जा किया जा रहा है। अब तो नगर में हालत यह हो गई है कि दबंग भूमाफियाओं द्वारा नदी नाले जैसे प्राकृतिक जलस्त्रोतों को भी नहीं छोड़ रहे है। देखते ही देखते इन नदी नालो में भूमाफिया खुलेआम अवैध रूप से कब्जा कर गगनचुंबी इमारत खड़ा कर लिए है। ऐसा ही मामला भरतपुर तहसील मुख्यालय के जनकपुर नगर में आबादी से लगा हुआ प्राकृतिक तुर्रा नाला का है। इस नाला के ऊपर कई स्थानीय धनाढय व दबंग भूमाफियाओ ने अवैध रूप से कब्जा करके गगनचुंबी इमारत बना लिए वहीं स्थानीय राजस्व अमला अनजान बना रहा। जिससे बारहमासी बहने वाली तुर्रा नाला का अस्तित्व लगभग समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। भूमाफियाओ द्वारा तुर्रा नाला के ऊपर खुलेआम किया गया अवैध कब्जा की जानकारी यहाँ के राजस्व अमला को होने के बावजूद सुरक्षा नहीं की गई। जबकि यह तुर्रा नाला राजस्व विभाग के शासकीय रिकार्ड में दर्ज है। यदि जिला प्रशासन द्वारा जनकपुर नगर में प्राकृतिक तुर्रा नाला के ऊपर जारी अवैध निर्माण की रफ्तार नहीं रोका गया तो आने वाले कुछ वर्षों पश्चात शासन प्रशासन इसकी तलाश करना चाहेगा भी तो शायद ही मौके पर नाला की जगह केवल गगन चुम्बी ईमारते ही दिखाई देगा। जनकपुर नगर में बेधड़क हो रहे अवैध कब्जे को लेकर जनचर्चा है कि तुर्रा नाला के ऊपर खुलेआम बनाई गई गगनचुंबी इमारतो की जानकारी हल्का पटवारी, आरआई सहित राजस्व विभाग के जिम्मेदार प्रशासन को होने के बावजूद उनके द्वारा अवैध कब्जा रोकने के लिए कोई प्रयास व हस्ताक्षेप नहीं किया गया है। शायद तुर्रा नाला के ऊपर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों पर प्रकरण भी दर्ज नहीं किया गया है। जबकि कुछ वर्षों पूर्व तक यही तुर्रा नाला नगर वासियों को निस्तार की सुविधा प्रदान करता था। लेकिन भूमाफियाओ द्वारा नाले के ऊपर अतिक्रमण करके लगातार बनाए जा रहे गगनचुंबी इमारतो के कारण अब तुर्रा नाला के अस्तित्व पर ही संकट आ गया है।

## ग्राम पंचायतों के सुव्यवस्थित कार्यालय ग्रामीणों की बढ़ती सहूलियतें

**कोरिया।** ग्राम पंचायत की बेहतर कार्यप्रणाली के लिए एक सुव्यवस्थित कार्यालय भवन अत्यंत आवश्यक होता है। यह न सिर्फ पंचायत व्यवस्था का केंद्र है, बल्कि ग्रामीणों की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण स्थान भी है। कोरिया जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य करते हुए ग्रामीण अधोसंरचना विकास को नई गति दी है।रोजगार के साथ अधोसंरचना निर्माण का मजबूत आधारमनरेगा ने अकुशल श्रम को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका में स्थायी सुधार लाने का रास्ता खोला है। अधोसंरचनाओं के विकास में यह योजना अब ग्रामीण प्रगति की रीढ़ बन चुकी है। इसी प्रयास का परिणाम है कि जनपद पंचायत सोनहत और बैकुण्ठपुर में पिछले एक दशक में 45 नए ग्राम पंचायत कार्यालय भवन बनाए गए हैं, जिससे पंचायती राज व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित हुई है और ग्रामीणों को सुविधाएं और आसानी से मिलने लगी हैं।सुविधाओं से लैस ।धुनिक ग्राम पंचायत कार्यालयनए निर्मित कार्यालय भवनों में जनप्रतिनिधियों, सचिव और रोजगार सहायक के लिए अलग कक्ष, बैठकों और ग्राम सभा संचालित करने की व्यवस्था, दस्तावेजों के संधारण की सुरक्षित सुविधा है। इन व्यवस्थाओं से ग्रामीणों के कार्य समय पर निपट रहे हैं, संवाद बेहतर हुआ है।

# जनजातीय गौरव दिवसः महामहिम राष्ट्रपति की गरिमामयी उपस्थिति से ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना सरगुजा

**कोरिया।** अंबिकापुर एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति न केवल छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का प्रतीक बनी, बल्कि राज्य के जनजातीय विकास के संकल्प को भी नई ऊर्जा प्रदान करती दिखाई दी।



महामहिम राष्ट्रपति महोदया का यह दौरा अपने आप में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान उनके चेहरे पर जनजातीय समाज के प्रति गहरा स्नेह, आत्मीयता और समझदारी स्पष्ट रूप से नजर आई। उन्होंने नक्सल प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी पीड़ा और चुनौतियों को सुना, साथ ही उन्हें हरसंभव सहायता और सहयोग का भरोसा भी दिलाया। यह संवाद न केवल प्रभावित परिवारों के लिए विश्वास का संचार करने वाला था, बल्कि शासन की संवेदनशीलता को भी दर्शाता है। कार्यक्रम में आदिवासी नायकों के परिजनों का सम्मान समारोह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। राष्ट्रपति महोदया ने जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के अमर योगदान को याद करते हुए कहा कि यह समाज सदैव से साहस, बलिदान, संस्कृति और परंपराओं की धरोहर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के योगदान को इतिहास में वह स्थान मिलना चाहिए जिसके वे वास्तविक हकदार हैं। उनके भावपूर्ण और प्रेरणादायी संबोधन ने पूरे कार्यक्रम में एक नई ऊर्जा का संचार किया।

छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति, कला, रीति-रिवाज और प्रकृति आधारित जीवनशैली पर राष्ट्रपति महोदया ने विशेष जोर देते हुए कहा कि यह समाज भारत की विविधता की आधारशिला है। उन्होंने राज्य सरकार के उन प्रयासों की सराहना की, जिनके माध्यम से वन-आधारित आजीविका, कारीगरी, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। बस्तर क्षेत्र को नक्सल हिंसा से मुक्त कराने और विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों को भी उन्होंने प्रशंसनीय बताया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके , राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , सांसद चिंतामणि महाराज, मंत्रिपरिषद के सदस्य, विधायकगण, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में उपस्थित देवतुल्य जनता ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। मंच से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनजातीय समाज के उत्थान, शिक्षा सुधार, वनाधिकार, स्वरोजगार और नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। जनजातीय गौरव दिवस का यह राज्य स्तरीय समारोह न केवल सांस्कृतिक विविधता का उत्सव था, बल्कि यह संदेश भी देता है कि जनजातीय समाज के सम्मान और विकास के लिए सरकार और संवैधानिक पदों पर बैठे शीर्ष नेतृत्व दोनों समान रूप से संकल्पित हैं। महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी का यह आगमन छत्तीसगढ़ के जनजातीय सशक्तिकरण के इतिहास में एक स्वर्णिम और अविस्मरणीय अध्याय के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

**कोरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया जिले में सुचारू रूप से जारी है।

# जिले में अब तक 20 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य तेजी से जारी है। 15 नवंबर से प्रारंभ हुई धान खरीदी के अंतर्गत किसानों में उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने निर्धारित क्रम के अनुसार धान विक्रय केन्द्रों में पहुंचकर बिक्री कर रहे हैं। किसान मोबाइल एप के माध्यम से टोकन लेकर सुचारू रूप से खरीदी कार्य में भाग ले रहे हैं। 21 नवंबर तक की स्थिति में धान बेचने वाले किसानों की संख्या 433 है। कुल उपार्जित धान 20,321 क्विंटल। खरीदे गए धान की कुल राशि 4,81,40,922 रुपए और कृषि ऋण वसूली 99,43,132 रुपए है। किसानों के खाते में भुगतान 3,81,97,790 रुपए। धान खरीदी के शुरुआती सात दिनों में ही जिले में 20 हजार क्विंटल से अधिक धान उपार्जन होना खरीफ विपणन वर्ष की बेहतर शुरुआत माना जा रहा है। किसानों को समय पर भुगतान किए जाने से संतोष की स्थिति है, वहीं सहकारिता विभाग द्वारा कृषि ऋण की वसूली में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जिला प्रशासन ने बताया कि धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्था लगातार मॉनिटरिंग में है और किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।



## ग्रामीणों ने बचाई नवजात की जान अस्पताल में हालत स्थिर, पुलिस जांच जारी

**मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी।** जिले के ग्राम पंचायत चनवारीडांड में शुक्रवार सुबह मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया। वन विभाग डिपो के पास सड़क किनारे एक थैले में नवजात शिशु लावारिस अवस्था में मिला। सुबह सैर पर निकले ग्रामीणों ने बच्चे के रोने की आवाज सुनकर उसे देखा और तुरंत अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने शिशु को प्राथमिक उपचार दिया और उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई है। बच्चे को बेहतर देखभाल के लिए मेडिकल टीम की विशेष निगरानी में रखा गया है। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली मनेंद्रगढ़ पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोग इस अमानवीय घटना से आक्रोशित हैं और पुलिस से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## पीपरडाड के किसान रामेश्वर ने समर्थन मूल्य पर बेचा धान

**कोरिया।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य इन दिनों सुचारू रूप से चल रहा है। किसानों की सुविधा के लिए लागू डिजिटल टोकन प्रणाली का लाभ लगातार बढ़ती संख्या में किसान उठा रहे हैं। इसी कड़ी में आज समिति पटना में ग्राम पीपरडाड निवासी 35 वर्षीय किसान श्री रामेश्वर ने अपनी माता 55 वर्षीय श्रीमती रामपति के नाम से पंजीकृत रकबे के आधार पर धान विक्रय की प्रक्रिया पूरी की। माता रामपति के नाम से कुल 0.5200 हेक्टेयर कृषि भूमि का पंजीकरण कराया गया है। रामेश्वर ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त किया, जिससे उन्हें खरीदी केंद्र में प्रवेश और धान विक्रय की प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। समय पर मिले डिजिटल टोकन की वजह से उनकी बारी तय समय पर आई और पूरा कार्य पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। केंद्र में उन्होंने 63.30 क्विंटल धान का विक्रय किया। रामेश्वर ने बताया कि धान बिक्री से मिलने वाली राशि का उपयोग वे आगामी गेहूं की फसल की तैयारी, खाद-बीज की खरीदी, घर के दैनिक उपयोग के सामान, तथा खेती-किसानी के आवश्यक कार्यों में करेंगे। समय पर भुगतान मिलने से उन्हें अगली फसल की तैयारी में विशेष राहत मिलेगी। धान खरीदी में डिजिटल तकनीक के उपयोग ने किसानों के अनुभवों को और अधिक सरल तथा सुविधाजनक बना दिया है। टोकन आधारित प्रणाली के कारण खरीदी केंद्रों में भीड़ पर नियंत्रण हुआ है, किसानों की प्रतीक्षा अवधि घटी है और प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ी है।

## कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

### मतदान केंद्र पहुँच कर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा

**कोरिया।** खरीफवर्ष 2025-26 के तहत पूरे जिले में 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ हो चुका है। लगातार सम्बन्धित अधिकारी धान उपार्जन केंद्रों में जाकर व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं साथ ही किसानों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़े इसके लिए खरीदी केंद्र के पास कृषक सहायता केंद्र भी बनाया गया है। कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी अचानक धान उपार्जन केंद्र, बड़ेकलुवा पहुंच कर खरीदी व्यवस्था का जायजा ली। उन्होंने नोडल अधिकारियों सहित सभी सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति किसानों को कोई भी परेशानियों का सामना करना न पड़े। कलेक्टर त्रिपाठी ने इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत तोलगा, शिवपुर-चरचा व विभिन्न मतदान केंद्र पहुँच कर बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंच कर प्रपत्र के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बीएलओ से कहा कि हर घर पहुंच कर प्रपत्र वितरण जिम्मेदारी से करें ताकि समय पर यह कार्य संपन्न हो सके।

## किसान दिनेश ने बेचा 25.60 क्विंटल धान

**कोरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया जिले में सुचारू रूप से जारी है। इसी क्रम में ग्राम अंगा निवासी 42 वर्षीय किसान श्री दिनेश साहू (पिता - रामशरण) ने आज पटना सहकारी समिति में पहुंचकर धान विक्रय किया। श्री दिनेश साहू ने बताया कि उन्होंने करीब 0.6900 हेक्टेयर में धान की खेती किए थे। खरीदी केंद्र में उन्होंने 25.60 क्विंटल धान बेचा।

# कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर घटाने ने दिए कड़े निर्देश

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिले के सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विशेष रूप से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के प्रति चिंता व्यक्त की और सभी ब्लॉकों को ठोस कार्ययोजना बनाकर तत्काल जिले को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए समन्वित कार्रवाई, सतर्कता और समय पर उपचार बेहद आवश्यक है।

एचक्यूआरपी (जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं) को चिन्हित कर उनका समय पर रेफरल जिला अस्पताल तक सुनिश्चित किया जाए। गर्भवती महिलाओं की पहली और चौथी तिमाही में अनिवार्य स्वास्थ्य जांच कराई जाए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का नियमित एवं प्रभावी आयोजन किया जाए। प्रसव पश्चात संस्थान से छुट्टी होने के बाद अनिवार्य रूप से विजिट सुनिश्चित किया जाए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच मजबूत समन्वय स्थापित किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि 22 नवंबर को सभी सेक्टरों में बैठक आयोजित कर आज की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों को निचले स्तर तक पहुँचाया जाए और राष्ट्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को मजबूत किया जाए। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड, आभा आईडी एनसीडी स्क्रीनिंग, परिवार नियोजन एवं फॉलोअप कार्यों में तेजी लाई जाए। समुदाय में जागरूकता के लिए आईईसी सामग्री, पोस्टर, पंपलेट का व्यापक उपयोग किया जाए।टीकाकरण एवं एमआर टीकाकरण समय पर पूर्ण कर पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित की जाए।कार्य में लापरवाही पर नोटिस एवं वेतन-वृद्धि रोकने की कार्रवाई की जाएगी। कमजोर प्रदर्शन वाले कर्मचारियों की एक सप्ताह बाद पुनः बैठक एवं 15 दिन बाद पुनः समीक्षा की जाएगी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला, टेलीकम्युनिकेशन के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश। स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुरूप तैयार कर अपलोड किया जाए।



चिरायु दल, स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों का रोस्टर अनुसार नियमित निरीक्षण करें।टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निश्चय पोर्टल में सभी एंट्री समय पर सुनिश्चित हों।जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को नेक्स्ट जेन मॉड्यूल के अनुसार संचालित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग मिलकर काम करेंगे तो जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी आएगी। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, बीटीईओ, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

तरुण छत्तीसगढ़
e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com



## भूविस्थापितों को उतरदा में दी जाएगी बसाहट

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका प्रोजेक्ट के द्वारा हरदीबाजार को अधिग्रहित करने के लिए प्रयास तेज हो गए हैं। यहां के ग्रामीणों को उतरदा में बसाहट दी जाएगी। कल ग्रामीणों व अधिकारियों के मध्य हुई वार्ता में ग्रामीण उतरदा में रहने के लिए तैयार नहीं हैं और दूसरा स्थान देखने को कहा गया है। इसके अलावा वार्ता में कई मुद्दों पर चर्चा की गई लेकिन ग्रामीण असंतुष्ट नजर आए। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के कहने पर यह वार्ता आयोजित की गई थी। वार्ता में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, जिलाध्यक्ष मनोज चौहान, गोपाल यादव, कन्हैया राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। इनका कहना है कि बढ़े हुए दर पर मुआवजा राशि ग्रामीणों को दी जाएगी, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। इस गांव में कई भूमिहीन लोग रहते हैं जिनकी जमीन नहीं है उनको बसाहट दिए जाने की जरूरत है।

## सड़क निर्माण का काम कुछ दिनों बाद होगा शुरू

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर कालोनी से जीएम ऑफिस तक सड़क बनाने की मांग श्रमिक संगठनों द्वारा की जा रही थी। प्रबंधन ने सड़क निर्माण के लिए ठेकेदार को कार्य दे दिए हैं और कुछ दिनों बाद यह कार्य शुरू हो जाएगा। एसईसीएल के अधिकारियों ने बीकेकेएमएस के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है कि पेयजल आपूर्ति के मामले को भी सुलझाया जा रहा है। मानिकपुर कालोनी में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कर ली गई है। बैठक में रंजय सिंह, अशोक सूर्यवंशी, संजय सिंह, भुनेश्वर कश्यप, उत्तम कुलदीप, सपन जैना, शिवदयाल साहू ने अपनी बात रखते हुए कहा कि चिकित्सालय में दवाईयों की कमी है जिसके लिए मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती है। बैठक में संडे ड्यूटी के मामले को भी उठाया गया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष मोदी लेंगे बैठक

**कोरबा।** आज भाजपा जिलाध्यक्ष छुरी में कटघोरा नपा व नगर पंचायत छुरी के पार्षदों की बैठक लेंगे। इस बैठक में पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को भी बुलाया गया है। कटघोरा नगर मंडल के अध्यक्ष अभिषेक गर्ग व महामंत्री समजीत सिंह ने बताया कि दोनों क्षेत्रों के पार्षदों को काम सौपे जाएंगे। बैठक में नगर पंचायत के अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन, विधायक प्रतिनिधि प्रीतम देवांगन, उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवान, रमेश श्रीवास, डिकैत डोंगरे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## कांग्रेसियों की ली गई बैठक

**कोरबा।** कल दीपका ब्लॉक क्षेत्र में जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज चौहान द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। इस बैठक में वार्ड की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सभी लोगों को जिम्मेदारी दी गई। कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस क्षेत्र में कई समस्याएं हैं। उन समस्याओं को दूर करने के लिए काम करने की जरूरत है। बैठक में उपस्थित दिलीप सिंह, विशाल शुक्ला, गया प्रसाद चंद्रा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कई सुझाव दिए।

## संडे ड्यूटी बंद होने से कोयला कामगार परेशान

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में काम कर रहे सभी कामगारों को संडे ड्यूटी नहीं मिल पा रहा है। इस मामले को श्रमिक संगठनों ने काफी गंभीरता से लिया है। जेसीसी की होने वाली बैठक में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। इस संबंध में शेख चांद मंसूरी, छंदराम राठौर व कुलदीप कुमार का कहना है कि गेवरा प्रोजेक्ट के सभी कामगारों का हक है कि उन्हें संडे ड्यूटी दिया जाए। जेसीसी बैठक 23 नवंबर को आयोजित की गई है। बैठक में ओवरटाइम ड्यूटी के मामले को भी रखा जाएगा। खासकर 150 टन डंपर के चालकों को और अधिक सुविधाएं दिए जाने की मांग की जाएगी।

## पर्यावरण संरक्षण के अभियान की उड़ाई जा रही धज्जियां

# एनटीपीसी टाउनशिप साफ रहे इसलिए हरे-भरे पेड़ों की कटाई, ठूंठ बने गवाह

**कोरबा।** पर्यावरण संरक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रधानमंत्री ने शुरु कराया। इसके अंतर्गत सभी क्षेत्रों में लोगों को इस अभियान से जोड़ने की कोशिश की गई ताकि उन्हें पर्यावरण के मामले में जवाबदेह बनाया जा सके। इसके ठीक उल्टे कोरबा जिले में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एनटीपीसी ने बड़ी संख्या में टाउनशिप क्षेत्र से हरे-भरे पेड़ों को कटवा दिया। मामले ने तूल पकड़ा तो प्रमाण बन चुके ठूंठों को भी हटवाने की व्यवस्था की जा रही है।

खबरों के अनुसार टाउनशिप क्षेत्र से जिन पेड़ों को कटवाने का काम व्यापक पैमाने पर प्रबंधन की ओर से किया गया उनमें इमारती और अन्य प्रजातियां शामिल बताई जा रही है। इनमें ऐसे वृक्ष भी साफ कर दिए गए जो जलवायु के साथ-साथ ऑक्सीजन के मामले में उपयोगी माने जाते हैं। व्यवस्था के तहत इन्हें कटवाने का काम किया गया। इस प्रकार के दावे किए गए। एक तरह से यह सब करने के साथ प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों ने जहां



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरु किए गए पर्यावरण संरक्षण अभियान पर पलीता लगा दिया, वहीं उनके कहने पर श्रम शक्ति ने जीविका के लिए पर्यावरण को महत्व देना जरूरी नहीं समझा।

बताया गया कि एनटीपीसी प्रबंधन स्वच्छता को लेकर बहुत ज्यादा गंभीर रहता है। कहीं कुछ भी बेमतलब नजर न आए इस इरादे से टाउनशिप के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों को चकाचक बनाए रखने पर उतारू है चाहे इसके लिए कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। इसलिए टाउनशिप एरिया से हरियाली की समाप्ति के लिए पर्यावरण जलवायु परिवर्तन विभाग से अनुमति लेना जरूरी नहीं समझा गया। इसी मामले में यह भी पता चला है कि कुछ समय पहले कटघोरा वनमंडल के पास एनटीपीसी के कुछ कर्मी पहुंचे थे। उन्हें मौके का नक्शा, खसरा और प्रयोजन प्रस्तुत करने को कहा गया था। इस मामले में आगे क्या कुछ कार्यवाही की गई इसकी जानकारी नहीं मिल सकी।

### प्रदूषण को लेकर उदासीनता जारी

इससे पहले एनटीपीसी प्रबंधन प्रशासन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण मंडल के निशाने पर आ चुका है। विभिन्न क्षेत्रों में फ्लाईऐश के फैलाव और प्रदूषण की स्थिति से जन स्वास्थ्य के खतरे को लेकर उसे नोटिस मिल चुके हैं। कोरबा जिले में जिन स्थानों पर एनटीपीसी ने अपने संयंत्र से उत्सर्जित फ्लाईऐश के भंडारण के लिए ऐशडाइक बना रखी है उससे आसपास का इलाका संकट में है।

## करगामार में ग्रामीण के घर घुसा दंतैल, दो बकरियों की ली जान



### हाथी मित्र दल व वनकर्मियों ने बुजुर्ग को बचाया सुरक्षित

**कोरबा।** जिले के कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक जारी है। कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज के परला बिट में सक्रिय 53 हाथियों के दल में से 10 हाथी बीती रात झुंड से अलग होकर जटगा रेंज के करगामार गांव पहुंच गए।

यहां पहुंचते ही एक दंतैल हाथी झुंड से बिछड़ गया और गांव की बस्ती में पहुंचकर गंभीर सिंह गोंड़ नामक ग्रामीण के घर में अचानक घुस गया। दंतैल के घुसते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर सिंह के परिवार के अन्य सदस्य किसी तरह घर से बाहर भागे। लेकिन गंभीर सिंह बुजुर्ग होने की वजह से भाग नहीं सका। इसकी जानकारी तत्काल हाथी ड्यूटी पर तैनात वन कर्मियों एवं हाथी मित्र दल के सदस्यों को दी गई जिस पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर दंतैल से घिरे बुजुर्ग को घर से बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। बुजुर्ग को ले जाने के बाद हाथी ने अपना गुस्सा घर पर बंधे बकरियों पर उतारा और उसे पैरों तथा सूंड से कुचलकर मार डाला। सुबह होने पर वन अमले ने दस्तावेजी कार्यवाही की। हाथियों का उत्पात यहीं नहीं थमा बल्कि दल के अन्य हाथी खेतों में पहुंचकर वहां लगे फसल को मटियामेट कर दिए जिसका आंकलन वन अमला कर रहा है। इस बीच परला में बचे 43 हाथियों ने भी उत्पात मचाते हुए परला व आसपास के गांव में फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। वहीं कोरबा वनमंडल के बालकोनगर रेंज में विचरण कर रहे 12 हाथियों के दल ने अब कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज का रूख कर लिया है। हाथियों का यह दल विगत 4 दिनों से बालको रेंज में सक्रिय था और सोनगुड़ा, दोंदरो, कछार, केशलपुर सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया था जिससे ग्रामीण हलाकान थे।

## सोमवार से रेत उपलब्धता होगी जिले में सहज




### प्रक्रियाओं को पूरा किया खनिज विभाग ने

**कोरबा।** सरकारी और गैर सरकारी निर्माण कार्यों के मामले में रेट उपलब्धता को लेकर बनी हुई शिकायतों को दूर करने के लिए माइनिंग विभाग में कोशिश की है। अगले दो दिनों में इस व्यवस्था को सामान्य कर लिया जाएगा। इसके बाद शिकायत कम हो सकेंगे।

डिस्ट्रिक्ट माइनिंग डिपाटमेंट डिप्टी डायरेक्टर प्रमोद नायक ने तरुण छत्तीसगढ़ जानकारी देते हुए बताया कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 20 स्थान पर रेत घाट स्वीकृत है। इसके माध्यम से आसपास कार्यों में कच्चे माल से जुड़ी हुई जरूरत पूरी होती है। सरकार की गाइडलाइन के हिसाब से 20 स्थान पर रहते घाट पिछले समय अप्रूवल किया गया। प्रक्रियाओं की पूर्ति का कार्य किया जा रहा है और पूरी कोशिश है कि सोमवार यानी 24 नवंबर से इन स्थानों से होकर सेंड एक्सवेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि इलीगल माईनिंग से संबंधित मामलों में लगातार एक्शन लिए जा रहे हैं और सरकार की व्यवस्था के तहत पेनल्टी भी की जा रही है। वित्त वर्ष 2025- 26 में अप्रैल से अब तक ऐसे अनेक मामलों में कार्रवाई करने के साथ प्रदर्शित किया गया है कि जो चीज निगम के दायरे से बाहर है उसे लेकर सख्ती होगी ही।

## दिया तले अंधेरा: कुछ इलाके में बिजली की समस्या हल करने टूटी नींद

### प्रबंध संचालक के नितेश पर टीम ने शुरू किया कम



**कोरब।** छत्तीसगढ़ के पावर हब कहे जाने वाले कोरबा जिले में कई गांव ऐसे हैं जहां पर बिजली से जुड़ी समस्याएं बनी हुई है और लोग परेशान है। लोगों की शिकायत के बाद किरकिरी होने और यहां वहां से अप्रोच होने के बाद सीएसईबी की नींद टूटी। खबर के अनुसार कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर डिस्ट्रीब्यूशन के निर्देश पर एक चिन्ह ऐसे प्रभावित ग्रामों में विशेष्य भिजवाई है। उसके द्वारा लाइन विस्तार के साथ बिगड़े ट्रांसफार्मर को ठीक करने का काम किया जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर भीम सिंह कंवर ने संबंधित शिकायत पर संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर विशेष टीम पौड़ी उपरोड़ा भेजी गई। अधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर का सर्वेक्षण किया। गांव को आदर्श विद्युत ग्राम बनाने की योजना तैयार की गई, जिसके अंतर्गत नए ट्रांसफार्मर, अतिरिक्त विद्युत पोल और लाइन विस्तार जैसी आवश्यकताओं को तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया। कार्यों की शुरुआत भी वहीं पर कराई गई। ग्राम आमाटिकरा में जगुआ योजना के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। यहां कई विद्युत विहीन घरों और बस्तियों को तत्काल बिजली उपलब्ध कराने हेतु नियुक्त एजेंसी को निर्देश देते हुए कार्यों को गति दी गई। ग्राम लमना एवं आसपास के क्षेत्रों में भी चल रहे नए विद्युत कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई तकनीकी और निर्माण संबंधी त्रुटियों के त्वरित सुधार के लिए संबंधित एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी कार्य में देरी न हो। कोरबा में काफी समय से लंबित पड़े 5 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना के कार्य को भी तत्काल शुरू कराया गया, जिससे क्षेत्र में लोड शेडिंग बेहतर होगा और बिजली कटौती की समस्या में राहत मिलेगी। टीम ने ग्राम छुरी में निर्माणाधीन विद्युत कार्यों का भी जायजा लिया।

## जोगीपाली में विभिन्न स्थानों पर वन विभाग ने दी दबिश

**कोरबा।** वन विभाग ने करतला रेंज के जोगीपाली गांव में बड़ी कार्यवाही करते हुए विभिन्न स्थानों पर दबिश दी है, जहां से बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी जब्त होने की संभावना है। वन विभाग को सूचना मिली थी कि गांव के कई लोगों के घरों पर जंगल से अवैध लकड़ी काटकर रखा गया है, जिस पर संदिग्धों के घरों पर वन विभाग की टीम आज सुबह पहुंची और दबिश देने के साथ ही सर्च की कार्यवाही शुरू की। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक वन विभाग की कार्यवाही जारी है। ज्ञात रहे यह वही गांव है जहां पर ग्रामीणों ने लकड़ी तस्करी की सूचना पर उसे जब्त करने गए वन कर्मियों पर हमला कर जख्मी कर दिया था।



ठंड के मौसम में प्रकृति के बीच वनभोज का सिलसिला जारी है।

# अमेजन को देना होगा पीड़ित ग्राहक को नया लैपटाप अथवा उसके समतुल्य राशि

### उपभोक्ता फोरम ने सुनाया फैसला, धनेश ने की पैरवी

**कोरबा।** शीर्ष ख्यात कम्पनी अमेजन इंडिया से शिकायतकर्ता इशांक यश गौतम पिता अनिल कुमार गौतम निवासी बी-26, पावर सिटी जमनीपाली तहसील दर्री, जिला-कोरबा द्वारा ऑनलाईन आर्डर किए गए लैपटाप की डिलीवरी में अन्य कंपनी के टूटे-फूटे लैपटाप प्राप्त होने पर जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा अमेजन कंपनी को शिकायतकर्ता को प्राप्त टूटे फूटे अन्य कंपनी के लैपटाप को वापस लेकर उसके स्थान पर उसी मॉडल का नया लैपटॉप अथवा



समतुल्य राशि 55,071/- रूपये का भुगतान आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर किए जाने का आदेश पारित किया गया है

मामले की जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता के द्वारा 13.10.2024 को एचपी लैपटॉप कीमती (रूपये 55,071/- पचपन हजार इकहत्तर रूपये मात्र) क्रय करने हेतु अमेजन इंडिया के माध्यम से ऑनलाईन आर्डर किया। कंपनी के स्टॉफ द्वारा डिलीवर किए गए पैकेट को खोलने पर शिकायतकर्ता को वर्णित सामाग्री प्राप्त न होकर अन्य कम्पनी का टूटा फूटा लैपटॉप प्राप्त हुआ। शिकायतकर्ता के अनेकों अनुनय-विनय करने के पश्चात् भी विरोधी पक्षकार द्वारा उक्त टूटे फूटे अन्य कंपनी के लैपटॉप को बदली कर आर्डर किए गए सामाग्री की डिलीवरी नहीं की गई। जिसके फलस्वरूप शिकायतकर्ता द्वारा उक्त दोषपूर्ण टूटे फूटे अन्य कंपनी के लेपटॉप को वापस कर शिकायतकर्ता से प्राप्त किए गए रकम को वापस करने, मानसिक संताप, अमूल्य समय खोने , अधिवक्ता फीस /वाद व्यय की रकम को रकम अदायगी दिनांक तक बैंक में प्रचलित सामान्य बचत खाते की दर से ब्याज सहित प्राप्ति हेतु जिला उपभोक्ता फोरम में 20.07.2025 को परिवाद प्रस्तुत किया गया ।

शिकायतकर्ता के अधिवक्ता धनेश सिंह द्वारा उपभोक्ता के हित को सर्वोपरि रखते हुए पैरवी के दौरान प्रकरण में परीक्षित साक्षी एवं पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किया। इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए फोरम द्वारा अपने निर्णय 31.10.2025 के अनुसार शिकायतकर्ता की शिकायत को सही पाते हुए उपरोक्तानुसार आदेश पारित किया गया। शिकायतकर्ता इशांक यश गौतम पिता अनिल कुमार गौतम निवासी बी-26, पावर सिटी जमनीपाली तहसील दर्री, जिला-कोरबा की ओर से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह द्वारा की गई।

## वैद्य लोनेश को किया सम्मानित

**कोरबा।** विकसित भारत अभियान के तहत अखिल भारतीय परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य महासंघ के तत्वावधान में पेंड्रा में 8वीं राष्ट्रीय राष्ट्रीय वनौषधि ज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कोरबा जिलान्तर्गत ग्राम नोनबिर्रा के वैद्य लोमश कुमार बच्छ को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में देश भर के आयुर्वेद, जड़ी बूटी और पारंपरिक चिकित्सा के विशेषज्ञों ने भाग लिया। वैद्य बच्छ लंबे समय से वन विभाग के संजीवनी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे देश के कई समरोह और संगोष्ठी में भाग ले चुके हैं। आयुर्वेदिक जड़ी बूटियां से कई तरह की बीमारियों का उपचार भी करते हैं। यही नहीं जड़ी बूटियां के संरक्षण के लिए भी काम कर रहे हैं। वे नाड़ी वैद्य भी हैं।

## लीमडीह में बनेगा सांस्कृतिक मंच विधायक राठिया ने किया भूमिपूजन



**कोरबा।** रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने ग्राम पंचायत लीमडीह में सांस्कृतिक मंच का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक मंच के बनने से ग्रामवासियों को सुविधा मिलेगी और वे यहां पर कई कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सुधा डोरे लाल कंवर, राजेन्द्र कुमार पाटले, रजनीकांत पटेल, जगदीश दिवाकर, लखन दिवाकर, हरीश कंवर, प्रमोद श्रीवास, महेत्तर पटेल, शेष नारायण पटेल, संतोष पटेल, सुदर्शन कंवर, विजय कंवर, रमेश कंवर, मुन्ना सिदार, मनहरण पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## एक साल पहले लव मैरिज, मधु ने अमरैयापारा में लगाई फांसी

**कोरबा।** कोरबा के मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत अमरैयापारा इलाके में 22 वर्षीय मधु सूर्यवंशी ने जान दे दी। ससुर राजू कोसने की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया। जांजगीर चांपा जिले के खोखरा में मधु के परिजनों को इस घटना के बारे में पुलिस ने जानकारी दी है।

पुलिस ने बताया कि मधु ने अरुण सूर्यवंशी से 1 वर्ष पहले लव मैरिज किया था और मानिकपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले अमरैयापारा क्षेत्र में निवास कर रही थी। आज सुबह 10:30 के आसपास परिजनों को मधु के द्वारा आत्मघाती कदम उठाने के बारे में जानकारी हुई। गमछे के सहारे उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर मानिकपुर पुलिस चौकी से हेड कांस्टेबल मोहन साहू विवेचना के लिए यहां पहुंचे। उन्होंने बताया कि परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ की गई है। मामला नव विवाहिता की संदिग्ध मौत से जुड़ा हुआ है इसलिए उसके परिजनों की उपस्थिति में ही आगे की प्रक्रिया की जाएगी। एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट उनका बयान लेंगे और फिर पोस्टमार्टम सहित जांच होगी

**मारपीट में एक घायल**

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के शक्ति चौक में हुई घटना में अविनाश सिंह घायल हो गया। वह अपनी बहन के विवाह में यहां पहुंचा था। खबर के अनुसार उसे नशेड़ी युवक और उसके सहयोगियों ने चोट पहुंचाई।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com